* ओड़िशा संस्करण

05 मई, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 194

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


पाकिस्तान के एक स्कूल में फायरिंग 7 शिक्षकों की मौत








# लैंड स्कैम में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन गिरफ्तार

## इडी ने गिरफ्तार करने से पहले 10 घंटे की पूछताछ

- राज्य के दूसरे आइएएस चढ़े इडी के हत्थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेना की जमीन फर्जीवाड़ा मामले में रांची के पूर्व डीसी आइएएस छवि रंजन (वर्तमान में कल्याण विभाग के निदेशक) को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले अधिकारियों ने उनसे 10 घंटे तक पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में छवि रंजन अपने पर लगे सारे आरोपों को नीचे के अधिकारियों और कर्मचारियों पर डालते रहे। इडी के अधिकारी उनके अधिकांश जवाबों से संतुष्ट नहीं हुए और अंततः उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। छवि रंजन निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के बाद राज्य के दूसरे आइएएस अधिकारी हैं, जो इडी के हत्थे चढ़े हैं। पूजा सिंघल मनी लांड्रिंग और मनरेगा घोटाला मामले में फंसी हुई है।

**दूसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया था :** सेना की कब्जे वाली जमीन समेत चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद-बिक्री मामले में इडी ने आइएएस छवि रंजन से गुरुवार को दूसरी बार पूछताछ की। दस घंटे की पूछताछ में छवि रंजन के पसीने छूट गये। इडी के कई सवालों का वह संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाये। वह कई सवालों में उलझे। पूछताछ में छवि रंजन सभी आरोपों को गलत बता कर सारा दोष अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर मढ़ते रहे। गौरतलब है कि छवि रंजन को दूसरी बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इससे पहले उनसे 24 अप्रैल को पूछताछ की गयी थी।

**इडी को मिले थे अहम सुराग :** गौरतलब है कि इडी ने सेना जमीन घोटाला मामले में 13 अप्रैल को झारखंड, बिहार और बंगाल में 22 जगहों पर एक साथ छापेमारी की थी। इसमें आइएएस छवि रंजन सहित बड़गाई अंचलकर्मी भानु प्रताप और अन्य जमीन दलाल शामिल थे। भानु प्रताप के घर से बक्से भर कर जमीन से जुड़े कागजात मिले। सूत्रों की मानें तो



इडी को कई अहम जानकारी मिली। उसके आधार पर अंचलकर्मी सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया। इन सभी से पूछताछ में छवि रंजन की संलिप्तता सामने आयी। साथ ही छवि रंजन ने मौखिक रूप से तत्कालीन सब रजिस्ट्रार घासीराम पिंगुवा को उस जमीन की रजिस्ट्री कोलकाता के जगतबंधु टी इस्टेट प्रा. लि. के निदेशक दिलीप कुमार घोष के नाम करने का निर्देश दिया। सब रजिस्ट्रार ने खुद को बचाने के लिए निबंधन के दौरान सेल डीड पर लिख दिया कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी को संबोधित अंचल अधिकारी बड़गाईं, रांची के ज्ञापांक 847, दिनांक 25 सितंबर 2021 के आलोक में निबंधन की स्वीकृति दी जाती है। यह टिप्पणी छवि रंजन के लिए भारी पड़ी।

**संपत्ति का ब्योरा लेकर पहुंचे थे छवि रंजन :** इडी ने छवि रंजन को अपने और अपने परिवार की संपत्ति का ब्योरा लेकर आने के लिए कहा था। सूत्रों के मुताबिक वह सभी कागजात लेकर इडी कार्यालय पहुंचे थे। पूछताछ में उनसे सेना की जमीन, चेशायर होम जमीन समेत अन्य भूखंडों के बारे में दिये गये निर्णय पर सवाल किये गये। इडी ने गिरफ्तार अंचल कर्मी भानु और अफसर अली खान के बायन और प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर सवालों की लंबी सूची तैयार कर रखी थी। सूत्रों के मुताबिक छवि रंजन से जब एक-एक कर सवाल पूछा जाने लगा तो वह कई बार जवाब नहीं दे पाये।

**गिरफ्तार आरोपियों के अलावा कई अन्य रडार पर :** सेना की 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में लगातार इडी आगे बढ़ रही है। जमीन का फर्जी कागजात तैयार करने में बंगाल से लिंक जुड़ने के बाद इडी ने कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार ऑफ इंश्योरेंस त्रिदीप मिश्रा से 2 मई को पूछताछ की थी। इससे एक दिन पहले रांची के सब रजिस्ट्रार वैभवमणि त्रिपाठी से पूछताछ की। इडी ने कोलकाता के जगत बंधु टी स्टेट के दिलीप घोष समेत चार लोगों को समन जारी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी ने 8 मई को राजेश राय, भरत प्रसाद और लखन सिंह को इडी कार्यालय बुलाया है। वहीं, दिलीप घोष को 10 मई को बुलाया गया है। सूत्रों के मुताबिक राजेश राय ने सबसे पहले विवादित चेशायर होम वाली जमीन की रजिस्ट्री करवायी थी। वहीं लखन प्रसाद और भरत प्रसाद दोनों रांची में जमीन कारोबार से जुड़े हैं। चेशायर होम जमीन की दलाली के एवज में इन्हें अच्छी रकम मिली थी।

### बजरा के पास स्थित जमीन के मालिक पहुंचे इडी कार्यालय, लगाया आरोप

# छवि रंजन और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश ने धमकाया था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हेहल अंचल अंतर्गत बजरा मौजा के पास स्थित सात एकड़ 16 डिसमिल जमीन के मालिक अश्विनी कुमार साहू गुरुवार को इडी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अपनी जमीन पर की गयी घेरेबंदी के बारे में कई गंभीर आरोप लगाये। सबसे दिलचस्प बात यह थी कि इडी कार्यालय के अंदर रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से पूछताछ हो रही थी और बाहर अश्विनी साहू उन पर धमकाने का आरोप लगा रहे थे। साहू ने यह भी आरोप लगाया कि पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश ने जमीन छोड़ने की धमकी दी थी और कहा था कि तुम्हें पता नहीं है कि यह सब कुछ कौन करवा रहा है। इसके पीछे कौन है।

**क्या है पूरा मामला :** 30 जून 2022 को करीब डेढ़ सौ पुलिसकर्मियों ने उस जमीन को खाली कराया था और घेराबंदी करा दी थी। उस समय से ही यह मामला चर्चा में है। अरबों रुपये की इस जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी कर इसे विनोद सिंह के पिता रूपनारायण सिंह के नाम कर दिया गया है। छवि रंजन उस समय रांची के डीसी थे। उनकी जानकारी में इस पूरे खेल को अंजाम दिया गया। आरोप है कि सादा पंचनामा



पर म्यूटेशन का आदेश दिया गया था। अब इडी जांच कर रही है।

**क्या कहां अश्विनी साहू ने :** इडी कार्यालय के बाहर मीडिया से बात करते हुए अश्विनी साहू ने आरोप लगाया कि बजरा के खाता नंबर 140, जिसका रकबा करीब सात एकड़ 16 डिसमिल है, के दस्तावेज में हेराफेरी की गयी है। इसे सुधीर दास की पहल पर जमीन विनोद सिंह के पिता रूपनारायण सिंह के नाम कर दिया गया। साहू ने कहा कि जब प्रशासन के अधिकारियों ने उनकी कुछ नहीं सुनी, तो उन्होंने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सिंगल बेंच ने डीसी के आदेश को रद्द कर दिया। इसके बाद भी जिला प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। तब डबल बेंच में अपील की गयी। वहां भी अश्विनी साहू के पक्ष में फैसला आया। इसके बाद भी रांची प्रशासन ने जमाबंदी रद्द करने का आदेश नहीं दिया। अब इडी पूरे मामले को खंगाल रही है। उन्हें उम्मीद है कि इस मामले को अंजाम तक पहुंचाया जायेगा।

**तत्कालीन सब रजिस्ट्रार ने लिखा था, दस्तावेज गायब है :** तत्कालीन सब रजिस्ट्रार राहुल चौबे ने उस समय रांची के उपायुक्त छवि रंजन को यह जानकारी दी थी कि हेहल अंचल के बजरा मौजा की उक्त जमीन के दस्तावेज गायब हैं। उनके इस पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे पूर्व डीसी ने सादे पंचनामा को आधार बना कर जमीन की जमाबंदी किसी और के नाम कर दी। इतना ही नहीं, जमीन की घेराबंदी भी प्रशासन ने ही करवायी।

# 15 लाख का इनामी नक्सली इंदल गंझू ने किया सरेंडर




### जमीन विवाद ने बनाया था माओवादी

### 145 एफआइआर, बिहार और झारखंड के लिए बन गया सिरदर्द

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस को एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत बड़ी कामयाबी मिली है। भाकपा माओवादी का रीजनल कमेटी मेंबर और 15 लाख का इनामी नक्सली इंदल गंझू ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया। उसने पुलिस क्षेत्रीय कार्यालय डोरंडा में आइजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के पदाधिकारियों के समक्ष हथियार डाला।

सरेंडर के बाद गंझू ने कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति को समर्थन करते हैं। 20 साल से इस संगठन से जुड़ा था। मेरे गांव में जमीन विवाद था। इसी विवाद के ही दौरान वह नक्सली संगठन का हिस्सा बना। इंदल ने अपेन अन्य साथियों से भी आत्मसमर्पण करने की अपील की।

**गया का रहनेवाला है कमांडर इंदल :** इंदल गंझू का पूरा नाम इंदल उर्फ उमा उर्फ इंदल है। उसके पिता का नाम हरिहर भोक्ता है। वह गया के इमामगंज थाना क्षेत्र के असरैना गांव का रहनेवाला है। उसके खिलाफ बिहार-झारखंड में करीब 145 एफआइआर दर्ज हैं। वह भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के झारखंड में रीजनल कमेटी का कमांडर है। चतरा जिला के लावालौंग थाना क्षेत्र में 3 अप्रैल को माओवादियों और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ हुई थी। इसमें माओवादियों के टॉप पांच कमांडर मारे गये थे। बताया जा रहा है कि इंदल गंझू भी इसी टीम का हिस्सा था, लेकिन मुठभेड़ में वह शामिल था कि नहीं इस बात का खुलासा नहीं हो सका।

**पुलिस के लिए बड़ी सफलता :** गौरतलब है कि पुलिस की दबिश के कारण कई नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं या फिर मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं, तो वहीं कई पलायन भी कर रहे हैं।

पुलिस के द्वारा नक्सलियों के परिजनों को भी जागरूक किया जा रहा है और उसी का परिणाम है कि कई नक्सली मुख्यधारा से जुड़ने को लेकर सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से जुड़ रहे हैं। इसी क्रम में इंजल गंझू ने सरेंडर कर दिया।

इस मौके पर आइजी अभियान होमकर ने कहा कि लगातार जिस तरह से अभियान चलाया जा रहा है, उसी की जद में आकर आज इंदल ने सरेंडर किया। इंजल पर 145 नक्सली आपराधिक मामले दर्ज हैं। आत्मसमर्पण करने वाला इंदल कभी चतरा, गया और इसी तरह के मध्य इलाकों के लिए आतंक का नाम होता था।

**आत्मसमर्पण से माओवादी हुए कमजोर :** जानकारी के मुताबिक लावालौंग मुठभेड़ में माओवादी कमांडर गौतम पासवान की मौत होने के बाद इसे माओवादियों के मध्यजोन का टॉप कमांडर बनाने की बात चल रही थी। वहीं मध्य जोन का प्रमुख बनने में दूसरा नाम मनोहर गंझू का भी आ रहा था। इंदल गंझू पर पलामू, चतरा, लातेहार जिले में सबसे ज्यादा मामले दर्ज हैं।

पलामू के मनातू, हरिहरगंज और नौडीहा बाजार में सबसे ज्यादा एफआइआर दर्ज हैं।

# बिहार में हाइकोर्ट ने जातीय जनगणना पर लगायी रोक

**पटना (आजाद सिपाही)।** बिहार में जाति आधारित जनगणना पर पटना हाइकोर्ट ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। 3 जुलाई को अगली सुनवाई होगी, तब तक किसी भी तरह की रिपोर्ट बनाने पर रोक लगा दी गयी है। यह आदेश गुरुवार को चीफ जस्टिस की बेंच ने सुनाया। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट अभिनव श्रीवास्तव और दीनू कुमार और बिहार सरकार की ओर से महाधिवक्ता पीके शाही ने अपना-अपना पक्ष रखा। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश ने महाधिवक्ता से पूछा था कि सरकार को यह कराना था, तो इसके लिए कोई कानून क्यों नहीं पास किया? इस पर महाधिवक्ता शाही ने जवाब दिया था कि राज्यपाल के अभिभाषण में सारी बातें स्पष्ट की गयीं कि इसे किस आधार पर कराया जा रहा है और इसका लक्ष्य अंतिम तौर पर राज्य की जनता के लिए योजनाओं को बनाने और क्रियान्वित करने का है। जाति आधारित जनगणना पर सोमवार, मंगलवार, बुधवार यानी 1 से 3 मई तक लगातार पटना हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। जनहित याचिका पर सरकार की ओर से दिया गया बिंदुवार जवाब रिकॉर्ड पर नहीं होने के कारण मंगलवार की तारीख मिली थी। मंगलवार को पूरे दिन कोर्ट ने दोनों पक्ष की दलीलें सुनी।

### आदिवासियों के प्रदर्शन में भड़की हिंसा

# मणिपुर में दंगाइयों को देखते ही गोली मारने का आदेश



- आठ जिलों में आर्मी तैनात, इंटरनेट सेवा बंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इंफाल।** मणिपुर में सरकार ने हिंसा करनेवाले दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिये हैं। इससे पहले हिंसाग्रस्त इलाकों में धारा 144 लागू कर दी गयी थी। राज्य में अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। दरअसल बुधवार को आदिवासियों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई। इसके बाद आठ जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया। आर्मी और असम राइफल्स की 55 टुकड़ियों को तैनात किया गया है। 9000 लोगों को राहत कैंपों में शिफ्ट किया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से फोन पर बात कर हालात की जानकारी ली। बीरेन सिंह ने गुरुवार को एक वीडियो मैसेज जारी कर लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। वहीं, केंद्र ने पूर्वोत्तर राज्य के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में तैनाती के लिए आरएएफ (रेफ) की टीमों को भी भेजा है। सूत्रों के मुताबिक रैफ की पांच कंपनियों को इंफाल एयरलिफ्ट किया गया है, जबकि अन्य 15 जनरल ड्यूटी कंपनियों को राज्य में तैनाती के लिए तैयार रहने को कहा गया है। गौरतलब है कि ऑल इंडिया ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन ने बुधवार को ट्राइबल सॉलिडेटरी मार्च बुलाया था। इसी दौरान आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदायों में झड़प हो गयी। आदिवासी समुदाय उस मांग का विरोध कर रहा था, जिसमें डिमांड की जा रही है कि गैर-आदिवासी मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा दिया जाये।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,700 रु./10 ग्राम
चांदी 81,000 रु./प्रति किलो



# सियासत का नया अखाड़ा बना पहलवानों का धरना

## ■ विपक्षी दलों को इस आंदोलन में दिखने लगी है वोट की बंपर फसल

## ■ चैंपियन खिलाड़ियों को राजनीति का यह बदसूरत रंग पहचान लेना चाहिए

**आजाद सिपाही विशेष**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक तरफ भारतीय कुश्ती फेडरेशन के खिलाफ चैंपियन पहलवानों का धरना जारी है, तो दूसरी तरफ विपक्षी दल इस आंदोलन की आड़ में अपनी सियासत भी चमकाने में लगे हैं। पहलवानों में विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक शामिल हैं। हरियाणा की ताकतवर खाप पंचायत ने उनका समर्थन किया है। आंदोलनरत पहलवानों ने जंतर-मंतर पर कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष सह भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की सूची तक टांग दी और यहीं से इस आंदोलन ने सियासी रंग पकड़ना शुरू किया। भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष सह सांसद पीटी ऊषा की पहलवानों पर टिप्पणी के बाद पहले टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा और फिर शिवसेना (उद्धव) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रतिक्रिया दी। इसके बाद कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल आंदोलनरत पहलवानों से मिलने पहुंच गये। इन विपक्षी नेताओं को पहलवानों के साथ सहानुभूति दिखाने का एक ही उद्देश्य है और वह यह कि उन्हें इसमें वोट की फसल दिखाई देने लगी है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि इन पहलवानों ने ओलिंपिक और दूसरे विश्व स्तरीय मुकाबलों में भारत के लिए पदक जीत कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है, लेकिन उनका इस तरह सियासी दांव-पेंच में फंसना और फेडरेशन अध्यक्ष के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए विपक्षी दलों का सहयोग लेना देशवासियों को पच नहीं रहा है। इधर जंतर-मंतर में धरने पर बैठे देश की शान पहलवानों को सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका लगा है। गुरुवार को देश की उच्चतम न्यायालय ने रेसलर्स के केस को अपने पास से बंद कर दिया और हाईकोर्ट या निचली अदालत में जाने के निर्देश दिये हैं। चीफ जस्टिस का साफ तौर पर कहना है कि एफआइआर हो चुकी है, जिसके लिए याचिका दाखिल की गयी था। अब न्याय के लिए मजिस्ट्रेट या उच्च न्यायालय का विकल्प खुला हुआ है। जंतर-मंतर पर जारी इस आंदोलन के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवान अब यह समझ चुके हैं कि कुछ विपक्षी दलों ने इसे अपना भाजपा-विरोधी एजेंडा आगे बढ़ाने का मंच बना लिया है। इतना संवेदनशील मुद्दा कहीं सियासत की भेंट न चढ़ जाये, पहलवानों को यह आशंका है। कहीं बड़ी सियासी लड़ाई में पहलवान प्यादा न साबित हों, इसकी चिंता उन्हें हो रही है। टोक्यो ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग पूनिया, ओलिंपियन विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने सार्वजनिक रूप से इसके खिलाफ अपील की है। पूनिया ने कहा कि कुछ लोग धरनास्थल पर आ रहे हैं और हमारे आंदोलन को भड़काऊ आंदोलन बता कर पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह लड़ाई भारतीय कुश्ती को बृजभूषण जैसे लोगों से बचाने की है। लोग यहां हमें समर्थन करने आये हैं, कोई राजनीतिक फायदा लेने नहीं। राजनीति हमारे लिए सेकेंडरी है। हमारी महिला खिलाड़ियों का सम्मान महत्वपूर्ण है। यह खिलाड़ियों का आंदोलन है। इसे किसी राजनीतिक पार्टी से मत जोड़िए। बजरंग की बात को आगे बढ़ाते हुए विनेश फोगाट ने कहा कि हम संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों से कहना चाहते हैं कि हम आम आदमी भी सम्मान के हकदार हैं। हम सभी का सम्मान करते हैं और ऐसा नहीं कहेंगे, जिससे कि उनके सम्मान को ठेस पहुंचे। अगर हमने गलती से कुछ कह दिया हो, तो उसके लिए माफी चाहते हैं। पूनिया का यह बयान साबित करता है कि जंतर-मंतर पर चल रहा धरना अब खिलाड़ियों का नहीं, बल्कि भाजपा विरोध का मंच बन गया है। इस मंच से विपक्षी दल अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में लगे हैं और अफसोस इस बात का है कि पहलवान इस सियासी दांव को पहचानने या समझने में अब तक नाकाम साबित हुए हैं।

### फोगाट बहनों में हुआ झगड़ा

पहलवानों के धरने को फोगाट बहनों के झगड़े से भी नुकसान हो रहा है। विनेश और बबीता के बीच ट्विटर पर तीखी लड़ाई चल रही है। प्रियंका के जंतर-मंतर जाने के बाद भाजपा नेता बबीता ने ट्वीट करके कहा, प्रियंका गांधी वाड्रा अपने निजी सचिव संदीप सिंह के साथ महिला पहलवानों के लिए न्याय मांगने जंतर-मंतर पहुंची हैं। लेकिन संदीप सिंह पर महिलाओं के शोषण और एक दलित महिला का अपमान करने के आरोप हैं। विनेश ने अपनी बहन को जवाब में कहा, अगर तुम परेशान महिला पहलवानों के हक के लिए नहीं खड़ी हो सकतीं, तो बबीता बहन, मैं हाथ जोड़ कर विनती करती हूं कि हमारे आंदोलन को कमजोर मत करो। महिला पहलवानों को सालों लग गये शोषण करनेवालों के खिलाफ आवाज उठाने में। आप भी एक महिला हो, हमारा दर्द समझो।



### पहलवानों के धरने की शुरुआत कैसे हुई, मांग क्या है

इस पूरे मामले की शुरूआत हुई 18 जनवरी 2023 को, जब देश के प्रमुख पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंच कर कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाये थे। बुनियादी सुविधाओं की कमी, वित्तीय अनियमितताएं, खिलाड़ियों और फेडरेशन के बीच अपस्पष्ट संवाद, बुरा बर्ताव और ब्रजभूषण शरण सिंह का मनमाना रवैया, ऐसे कई आरोप खिलाड़ियों की तरफ से कुश्ती महासंघ और ब्रजभूषण पर लगाये गये। इतना ही नहीं, उनके खिलाफ महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण करने के भी आरोप लगाये गये। विनेश फोगाट ने रोते हुए कहा था कि ब्रजभूषण सिंह और कोच नेशनल कैंप में महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करते हैं। खिलाड़ियों के धरने के बीच खेल मंत्रालय ने कुश्ती संघ से 72 घंटे के अंदर आरोपों पर जवाब देने के लिए नोटिस भेजा था। 21 जनवरी को भारतीय कुश्ती महासंघ ने अपनी जवाबी चिट्ठी में पहलवानों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि उनके पास यौन उत्पीड़न का एक भी आरोप नहीं आया है और न ही कभी इस पर शिकायत मिली है। इस बारे में कुश्ती महासंघ की यौन उत्पीड़न समिति को भी सूचित नहीं किया गया है। उधर इन आरोपों को खारिज करते हुए तब ब्रजभूषण सिंह ने कहा था कि किसी भी एथलीट का यौन शोषण नहीं हुआ है और अगर यह सच साबित होता है, तो वह फांसी पर लटकने को तैयार हैं। लेकिन खिलाड़ियों के गंभीर आरोपों को देखते हुए केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने तब पहलवानों के साथ मुलाकात की और 23 जनवरी को आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय निरीक्षण समिति बनायी। समिति को चार हफ्तों के अंदर जांच पूरी करने को कहा गया था। फिर इसकी समय सीमा को दो और हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया। इसके बाद अब खिलाड़ियों का कहना है कि समिति को बने तीन महीने हो गये हैं, लेकिन समिति ने क्या जांच की और उस जांच में क्या निष्कर्ष निकाला, यह अभी तक सामने नहीं आया है। पहलवानों के मुताबिक दोबारा धरने पर बैठने से दो दिन पहले सात महिला पहलवानों ने पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में भाजपा सांसद और कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह के खिलाफ शिकायत दी थी, लेकिन उनकी एफआइआर दर्ज नहीं की गयी और उन्हें मजबूरन धरने पर बैठना पड़ा। खिलाड़ियों के सुप्रीम कोर्ट जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने इस मामले में ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दो एफआइआर दर्ज कर ली है। लेकिन अब खिलाड़ी इस बात पर अड़ गये हैं कि जब तक ब्रजभूषण इस्तीफा नहीं दे देते और उनकी गिरफ्तारी नहीं हो जाती, उनका धरना जारी रहेगा।

### विपक्षी नेताओं की झड़ी

इसी साल जनवरी में जब ये पहलवान पहली बार धरने पर बैठे, तब उन्होंने किसी सियासी पार्टी या नेता को मंच के पास फटकने नहीं दिया था। हालांकि इस बार मंच पर राजनीतिक दलों के नेताओं की भरमार है। हर दिन नेताओं का जमावड़ा लग रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आये और साथ में यहां की मेयर शैली ओबेरॉय भी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी हरियाणा से पार्टी के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को लेकर पहुंचीं। केजरीवाल और प्रियंका, दोनों ने ही पहलवानों का साथ देने की बात तो कही, मगर वे भाजपा सरकार पर निशाना साधने से नहीं चूके। मुक्केबाज विजेंदर सिंह भी इनके समर्थन में शनिवार को धरने पर बैठे। इससे पहले टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और शिवसेना (उद्धव) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी भी आंदोलनरत पहलवानों को समर्थन दे चुकी हैं। इतना ही नहीं, इन दोनों ने तो भारतीय उड़नपरी के नाम से मशहूर भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष सह सांसद पीटी ऊषा द्वारा इस पहलवानों को दी गयी नसीहत की निंदा करते हुए इस चैंपियन एथलीट की लानत-मलानत तक कर दी।

अब यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि विपक्षी नेताओं का पहलवानों के समर्थन में आना क्या संकेत देता है। इसका सीधा जवाब यही है कि विपक्षी दल इसमें वोट की फसल देख रहे हैं। उन्हें भरोसा है कि पहलवानों के कंधे पर रख कर बंदूक चलाने का ऐसा अवसर उन्हें दोबारा नहीं मिल सकता है। अफसोस तो इस बात का है कि ये पहलवान विपक्ष के इस दांव को अब तक समझ नहीं सके हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका

जंतर-मंतर में धरने पर बैठे पहलवानों को सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका लगा है। गुरुवार को देश की उच्चतम न्यायालय ने रेसलर्स के केस को अपने पास से बंद कर दिया और हाइकोर्ट या निचली अदालत जाने के निर्देश दिये हैं। चीफ जस्टिस का साफ तौर पर कहना है कि पहलवानों की मांग बृजभूषण पर एफआइआर दर्ज करने की थी, जो पूरी हो चुकी है। अब न्याय के लिए मजिस्ट्रेट या उच्च न्यायालय का विकल्प खुला हुआ है। अदालत ने कहा कि महिला रेसलर्स को सुरक्षा दी गयी है। अब कोई और मसला हो तो याचिकाकर्ता हाइकोर्ट या निचली अदालत में जा सकते हैं। इस पर पहलवानों ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं, लेकिन हमारा प्रोटेस्ट जारी रहेगा।

---

# झारखंड के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

## पहली, छठी और नौवीं कक्षा के लिए विद्यार्थियों का होगा नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिन 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारंभ किया था। उन विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बच्चे पहली, छठी और नौवीं कक्षा में नामांकन ले सकेंगे। इसके लिए आवेदन जमा करने की तिथि 2 से 15 मई निर्धारित है। नामांकन के लिए टेस्ट की तिथि 19 मई निर्धारित है, जबकि फर्स्ट मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 22 मई को होगा। मेरिट लिस्ट में शामिल बच्चों के नामांकन लेने की तिथि 23 मई से 08 जून 2023 की गयी है। कक्षा 9 से 12 तक संचालित होने वाले उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 9 एवं कक्षा 6 से 12 तक संचालित विद्यालयों में कक्षा 6 में नामांकन कराया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र निःशुल्क रहेगा। उपरोक्त कक्षा में नामांकन लेने वाले बच्चों को सीबीएसइ माध्यम से एनसीइआरटी पाठयक्रम में शिक्षा दी जायेगी।

**बाल वाटिका में भी नामांकन शुरू :** उत्कृष्ट विद्यालयों के बाल वाटिका एवं कक्षा 1 में बच्चे नामांकन ले सकेंगे। बाल वाटिका में वैसे बच्चे नामांकन के पात्र होंगे, जिन्होंने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 5 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, जबकि कक्षा 1 में वैसे बच्चे नामांकन ले सकेंगे, जिन्होंने जिन्होंने 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो। नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र राज्य परियोजना कार्यालय, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के आधिकारिक वेबसाइट पोर्टल के एडमिशन लिंक पर जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ जमा करना होगा अथवा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय/संबंधित जिले के उत्कृष्ट विद्यालय से नामांकन आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर ऑफलाइन मोड में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भी जमा किए जा सकते हैं।

**उत्कृष्ट विद्यालयों में चार कोटि के विद्यालय :** 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में चार कोटि के विद्यालयों को शामिल किया गया है। जिला स्कूल के तर्ज पर उत्कृष्ट शिक्षण केंद्र की संख्या 25, जिला मुख्यालय का एक बालिका माध्यमिक प्लस टू विद्यालय जिसकी संख्या 24, जिला मुख्यालय का एक केजीबीवी जिसकी संख्या 24 एवं प्रमंडल का एक मॉडल स्कूल जिसकी संख्या 7 है। इन 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के वर्तमान संचालन का स्तर अलग - अलग है। इसके तहत कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालयों की संख्या 4, कक्षा 9 से 12 तक के विद्यालयों की संख्या 27, कक्षा 6 से 12 तक के विद्यालयों की संख्या 48, एवं कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों की संख्या 1 है।

### शिक्षा अधिकारियों को मिला प्रभार

राज्य सरकार ने राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के बेहतर संचालन के लिए शिक्षा अफसरों को स्कूलों का प्रभार दे दिया है। इसका आदेश शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि यह राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके नियमित अनुश्रवण और सफल संचालन की नितांत आवश्यकता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक विद्यालय के लिए राज्य सरकार द्वारा एक-एक राज्य शिक्षा सेवा के पदाधिकारियों को नामित किया जाता है, जो विद्यालय के वरीय प्रभार में रहते हुए विद्यालय के नियमित सफल संचालन और राज्य सरकार की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी पदाधिकारी संबद्ध विद्यालयों का नियमित निरीक्षण और समीक्षा करेंगे।

---

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले झारखंड के पहले राज्यपाल प्रभात कुमार



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन की ओर से बताया गया कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

# भोजपुर से 60 ग्राम ब्राउन शुगर सप्लाई करने बोकारो पहुंची महिला समेत चार तस्कर गिरफ्तार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो पुलिस ने गुरुवार को बिहार के भोजपुर से 60 ग्राम ब्राउन शुगर की सप्लाई करने पहुंचे एक गिरोह की महिला समेत चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन्हें चास थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर गरगा पुल के नजदीक से गिरफ्तार किया है। वहीं महिला को राज प्लेस से पकड़ा गया है। चास थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गरगा पुल के नीचे छापेमारी की गयी, जहां से 60 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ बिहार के भोजपुर निवासी अमृता देवी, कमलेश यादव, कुंदन कुमार और बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र के कुर्मीडीह निवासी दीपक कुमार पासवान को गिरफ्तार किया गया है। कमलेश यादव ड्राइवर है। कमलेश और दीपक के बीच पूर्व से जान पहचान है। दीपक ने कमलेश को ब्राउन शुगर लेकर आने को कहा था। आरोपी राज प्लेस में कमरा लेकर रुके थे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली तो कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

---

# पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे सहित दस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे सहित दस के खिलाफ गुरुवार को नावाबाजार थाना में नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है।

विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि उक्त एजेंसी के प्रोजेक्ट प्रभारी और अभियंता पार्थ घोष के दिये आवेदन के बाद हुई प्रारंभिक जांच के पश्चात प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि उक्त एजेंसी राष्ट्रीय राजमार्ग-75 के तहत भोगु से शंखा तक फोरलेन निर्माण में लगी है।

इस मामले में चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे पर आइपीसी की धारा 147, 149, 341, 342, 353, 323, 447, 504, 506 लगायी गयी है। आरोप है कि ददई दुबे अपने निजी सहायक और आठ-दस अज्ञात लोगों के साथ कार्यालय में घुस गये थे और उन्होंने कंपनी के इंजीनियर दीपांजन दत्ता और अन्य कर्मियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की है। नवाबाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने बताया कि एफआइआर दर्ज की गयी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# नगर निगम चुनाव: हाइकोर्ट 8 मई को करेगा पार्षदों की याचिका पर सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने नगर निगम का चुनाव कराने के लिए पार्षदों की ओर से दायर याचिका पर 8 मई को सुनवाई करेगा। गुरुवार को हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की बेंच में प्रार्थियों के वकील विनोद सिंह द्वारा जल्द सुनवाई का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अगले सप्ताह मामले को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। बता दें कि झारखंड में नगर निगम और नगर निकायों में चुनाव का मामला हाइकोर्ट के समक्ष पहुंच चुका है। निगम चुनाव कराने और चुनाव होने तक निवर्तमान पार्षदों को अवधि विस्तार देने के लिए हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी है।

### पार्षदों ने दायर की है याचिका

गौरतलब है कि चुनाव को लेकर रांची नगर निगम के निवर्तमान पार्षद विनोद सिंह, सुनील यादव, अरुण झा, रौशनी खलखो और अन्य ने इस संबंध में रिट याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि निगम के पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के पहले ही सरकार को चुनाव कराना चाहिए, म्यूनिसिपल एक्ट की धारा 20 में भी इसका उल्लेख है। याचिका में कहा गया है कि निगम का चुनाव नहीं होने से कई काम प्रभावित हो गये हैं। जनता से जुड़े सारे कार्य अधिकारियों के जिम्मे सौंप दिया गया है। सरकार के इस फैसले से लोगों को परेशानी होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 33.2 °c | 21.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.14 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## उषा मार्टिन विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह संपन्न

# विश्वविद्यालय ने 577 छात्रों को डिग्री प्रदान की

**समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए झारखंड के राज्यपाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उषा मार्टिन विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह गुरुवार, 4 मई 2023 को रांची के नारायण सोसो में अपने परिसर में आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रभात कुमार, प्रो-चांसलर सुरेश गर्ग, कुलपति मधुलिका कौशिक और विश्वविद्यालय के अध्यक्ष हेमंत गोयल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उनके साथ झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति और कुलसचिव उपस्थित थे। विश्वविद्यालय ने कुल 577 छात्रों को डिग्री प्रदान की। विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर और स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 18 स्वर्ण पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया। विश्वविद्यालय ने सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार को डी लिट डिग्री (माननीय कारण) भी प्रदान की। वह पद्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित हैं। डी लिट। (मानद उपाधि) से भी सम्मानित किया गया। बसंत कुमार झवर, उषा मार्टिन समूह के अध्यक्ष और उषा मार्टिन विश्वविद्यालय के संस्थापक सदस्यों में से हैं। राज्यपाल ने छात्रों को, जो कुछ भी सीखा है, उसे लागू करने और नौकरी सृजक के रूप में उभरने के लिए अपनी उद्यम शीलता कौशल का पोषण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अनुशासन, समर्पण और नैतिक मूल्यों को बनाये रखने और कायम रखने के लिए अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए उषा मार्टिन विश्वविद्यालय की सराहना की। राज्यपाल ने राज्य की प्रगति और विकास में यूएमयू के योगदान की भी सराहना की और डिग्री प्राप्तकर्ताओं से समाज और राष्ट्र के लिए काम करने का आह्वान किया। दीक्षांत समारोह के दौरान कुलपति ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने स्थायी परिसर में बुनियादी ढांचे के विकास पर बात की। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास पर जोर दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न विकास गतिविधियों में सहयोग करने के लिए राज्य सरकार का धन्यवाद भी किया।




कुलपति ने उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय ने हाल ही में अनुसंधान और विकास में काफी प्रगति की है। उन्होंने प्रतिष्ठित व्यक्तियों, प्रकाशनों, अनुसंधान सहयोगों, पुरस्कारों से सम्मानित और छात्र गतिविधियों और उनके प्लेसमेंट सहित अन्य प्रमुख विकासों पर भी प्रकाश डाला।

कोयलादा दीपांकर, दीपशिखा, जी जया लक्ष्मी, मेघा कुमारी, राज सोनी, मैरी जरमन एक्का, पांडे अभिषेक नाथ रॉय, कृष्ण कुमार सिंह, जागृत रॉय, मोहम्मद यासिर अराफात, के साथ एक शानदार पदक और पुरस्कार समारोह भी दीक्षांत समारोह का हिस्सा था। रोशन राज प्रजापति, इंद्रजीत यादव, कृष्णा कुमा सिंह, गजाला परवीन, अभिनव कुमार गुप्ता, गोविंदा गिरी, राखी कुमारी, पूरन बोइपाई और चंदन कुमार ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

# बिजली विभाग की सुस्ती सर्कुलर रोड की फोरलेनिंग में बनी बाधक

**कचहरी चौक से कांटाटोली चौक तक सड़क का होना है चौड़ीकरण**

**बिजली के एक सौ खंभों को बिजली विभाग को किनारे करना है शिफ्ट**

**33 केवीए और 11 केवीए के बिजली के तारों के साथ अन्य केबल होंगे अंडरग्राउंड**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के प्रमुख सर्कुलर रोड को फोरलेनिंग और चौड़ीकरण करने की कार्रवाई बिजली विभाग के असहयोगात्मक रवैये के कारण शुरू नहीं हो पा रही है। नगर विकास विभाग ने कचहरी चौक से कांटाटोली चौक तक 2.772 किलोमीटर सड़क को फोरलेनिंग करने की सभी जरूरतें पूरी कर ली हैं। इस कार्य के लिए एजेंसी को कार्यादेश भी दिया जा चुका है।

पिछले अगस्त 2022 से ही बिजली बोर्ड को लगभग एक सौ खंभों और 30 ट्रांसफारमर को किनारे करने के लिए प्राक्कलन उपलब्ध कराने के संबंध में पत्राचार किया जा चुका है। साथ ही 11 केवीए, 33 केवीए , 440 वोल्ट और 220 वोल्ट के तारों को भी भूमिगत करने के लिए



प्राक्कलन को नयी दर से तैयार करने का अनुरोध पत्रों के माध्यम से किया जा चुका है, लेकिन बिजली विभाग द्वारा आठ महीने के बाद भी प्राक्कलन उपलब्ध नहीं कराया है। इस कारण फोरलेनिग का कम बाधित हो रहा है। सर्कुलर रोड के दोनों किनारों पर महत्वपूर्ण शिक्षण और कोचिंग संस्थान हैं। इस वजह से सर्कुलर रोड हमेशा जाम की समस्या से त्रस्त रहता है। इसको दूर करने के लिए सड़क को 15 से 17 मीटर चौड़ा कर फोरलेनिंग किया जा रहा है। वर्तमान में इसकी चौड़ाई 9 से 10 मीटर है। जुडको द्वारा सर्कुलर रोड के दोनों किनारों पर यूटिलिटी डक्ट और ड्रेनेज बनाया जायेगा। इसके अलावा वाटर एटीएम, शौचालय, पार्किंग जोन, बस स्टाप और वेंडिंग जोन का भी निर्माण किया जायेगा। डक्ट में बिजली के तार ले जाये जाने, रखरखाव और प्रबंधन की लागत बहुत कम हो जायेगी। सीसीटीवी कैमरा भी लगेगा। डक्ट में सभी प्रकार के केबल भूमिगत कर दिये जायेंगे। यह योजना लगभग 51 करोड़ की है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | परिस्थिति में सुधार होगा। नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। सेहत अच्छी रहेगी। |
| वृष | रोजी-रोजगार में सफलता। यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा। राजनीतिक लाभ। |
| मिथुन | श्रेष्ठजनों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा। महत्वकांक्षा पूरी होगी। |
| कर्क | आत्मविश्वास की वृद्धि। व्यक्तित्व का विकास। धन-द्रव्य का लाभ। शुभसमाचार की प्राप्ति होगी। |
| सिंह | विविध उलझनों का सामना होगा। नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद। विरोधियों से परेशानी। |
| कन्या | आर्थिक विकास। पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। |
| तुला | अत्यधिक कार्यव्यस्तता। नियमित आमदनी में बाधा। परिवार में अशांति का वातावरण। |
| वृश्चिक | चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी। आकस्मिक लाभ। स्वजन-मित्रों का सहयोग। |
| धनु | सुख-साधनों की वृद्धि। आत्मविश्वास में वृद्धि। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। |
| मकर | सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। सट्टा-लाटरी से लाभ। हर्षदायक समाचार मिलेंगे। |
| कुंभ | महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे। दिमागी तनाव दूर होंगे। पारिवारिक जीवन सुखद। |
| मीन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति। सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ। |

# सौ करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाला मामले में आरोपी संजय तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य के बहुचर्चित 100 करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाले में अहम मोड़ आ गया है। सौ करोड़ रुपये के मिड डे मील घोटाला मामले में आरोपी संजय तिवारी को रांची इडी कोर्ट से तगड़ा झटका मिला है। इडी की विशेष अदालत ने गुरुवार को संजय तिवारी के द्वारा डाली गयी डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है। आरोपी ने आरोप गठन से पूर्व आरोप मुक्त कराने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया था। पर इडी कोर्ट ने आरोपी के द्वारा डाली गयी इस पिटीशन को सिरे से नकार दिया है। इडी के द्वारा पिटीशन को खारिज किये जाने के बाद अब संजय तिवारी पर आरोप गठन होगा। इसके बाद इडी की दबाव के बीच बीते तीन अप्रैल को संजय तिवारी ने अदालत के समक्ष सरेंडर कर दिया था। सरेंडर करने के बाद से ही संजय तिवारी जेल में बंद है।

### क्या है पूरा मामला

गौरतलब है कि यह मामला करीब 6 साल पहले 2017 को झारखंड की बहुचर्चित मिड डे मील घोटाला हुआ था। हटिया के एसबीआई ब्रांच से झारखंड मध्याह्न भोजन प्राधिकरण (मिड डे मील अथॉरिटी) के खाते से भानु कंस्ट्रक्शन को 101.01 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये गये थे। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब 19 सितंबर 2017 को राज्य निकाय ने बैंकों को निर्देश दिया कि जिलों में मध्याह्न भोजन की राशि जारी की जाये।

इस मामले की जांच सीबीआइ ने अपने हाथ में लेते हुए एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद इस मामले में मेसर्स भानु कंस्ट्रक्शन के एक कर्मी राजू वर्मा को इडी ने पटना से 30 नवंबर को गिरफ्तार किया था। 8 दिनों तक रिमांड पर लेकर इडी ने राजू वर्मा से कड़ी पूछताछ की थी। उस पूछताछ में मिड डे मील घोटाले का खुलासा हुआ था। इसके बाद बैंक के ब्रांच मैनेजर अजय उरांव को सस्पेंड कर दिया था।

बैंक ने गलत तरीके से ट्रांसफर किये गये 76.29 करोड़ रुपये वापस लेने में सफल रहा, लेकिन 23.38 करोड़ रुपये अभी तक वापस नहीं मिल पाये हैं।

# अफसरों ने रद्द कर दी 70 साल से चल रही जमाबंदी

**हाइकोर्ट ने एलआरडीसी और सीओ के आदेश की कॉपी मांगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनगड़ा के रहनेवाले प्रेम नाथ महतो, बिनोद महतो और अन्य के द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने 70 साल से चली आ रही जमाबंदी को रद्द करने के मामले में उप समाहर्ता और अनगड़ा सीओ के आदेश की कॉपी मांगी है। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की अदालत में गुरुवार को इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने पक्ष रखा।

याचिका में कहा गया है कि अनगड़ा के अंचल अधिकारी और उपसमाहर्ता ने प्रेम नाथ महतो की रैयती भूमि की जमाबंदी रद्द कर दी, जो पिछले करीब 70 वर्षों से चली आ रही थी। भूमि का कुल रकबा दो एकड़ है और इस पर प्रार्थी का दखल कब्जा भी है। फिर भी उनकी जमाबंदी रद्द कर दूसरे व्यक्ति के नाम पर जमाबंदी शुरू करने का आदेश पारित कर दिया गया। अदालत अब इस मामले की सुनवाई 14 जून को करेगी। भूमि अनगड़ा अंचल के चतरा मौजा में स्थित है।

# रिम्स में 28 मरीजों की मौत के मामले में जांच कमेटी का प्रपोजल नहीं मिलने से हाइकोर्ट नाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को रिम्स में हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले में जांच कमेटी को लेकर अब तक प्रपोजल नहीं भेजने पर राज्य सरकार से नाराजगी जतायी। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर प्रपोजल नहीं भेजा गया, तो राज्य सरकार के विरुद्ध अगली सुनवाई में कड़ा आदेश पारित किया जायेगा।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कमेटी के गठन के लिए प्रपोजल चीफ जस्टिस के पास भेजने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग की गयी थी, जिससे जिला जज का नाम प्रस्तावित



किया जा सके। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने रिटायर्ड प्रधान जिला जज अकी ध्यक्षता में कमेटी गठित कर मामले की जांच कराने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता मुख्तार खान ने 28 मरीजों की हुई मौत मामले को लेकर कमेटी बना कर जांच करने और इस घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एक्शन लेने का आग्रह कोर्ट से किया था। झारखंड छात्र संघ की ओर से यह जनहित याचिका दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि 01 जून, 2018 को एक पेशेंट की डेथ गलत ट्रीटमेंट की वजह से रिम्स में हो गयी थी। इसके बाद मृतक के परिजनों ने प्रोटेस्ट किया था, जिसके बाद जूनियर डॉक्टर और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी, जिसे लेकर रिम्स में 02 जून, 2018 से जूनियर डॉक्टरों और नर्सों ने स्ट्राइक कर दी थी। स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गयी थी। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गये थे। इलाज के बिना 28 मरीजों की मौत हो गयी थी।

# सीएम के इशारे पर स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष का मामला उलझाया : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष मामले में विधानसभा स्पीकर को कटघरे में खड़ा किया। श्री मरांडी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष मुख्यमंत्री के इशारे पर मामले को लटकाये बैठे हैं। प्रदेश भाजपा ने अपने विधायक दल का नेता चयन कर विधानसभा सचिवालय को विधिसम्मत सूचना दी है। श्री मरांडी ने कहा कि जहां तक जेवीएम का बीजेपी में विलय का सवाल है चुनाव आयोग ने अपने निर्णय में सारी स्थिति स्पष्ट कर दी है। कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसने विलय को मान्यता देते हुए दो बार उन्हें राज्यसभा



चुनाव में भाजपा विधायक के रूप में मत देने का अधिकार दिया। फिर भी स्पीकर के द्वारा भाजपा नेता विधायक दल को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं देना राज्य सरकार के इशारे पर एक राजनीतिक साजिश है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नही चाहती कि नेता प्रतिपक्ष की अनुशंसा से लोकायुक्त का चयन हो, सूचना आयुक्त का चयन हो। क्योंकि फिर राज्य सरकार की नाकामियां उजागर होंगी। लोकायुक्त के माध्यम से भ्रष्टाचार की जांच हो सकेगी। उन्होंने कहा कि भले ही राज्य सरकार तिकड़म से महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों को भरने से रोक दे लेकिन देश में कार्य कर रही अन्य संवैधानिक एजेंसियों की जांच से नहीं बच सकती। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार पर जांच एजेंसियों का शिकंजा लगातार कसता ही जा रहा है । उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से बचाव के लिए राज्य सरकार कागजात तक गायब करवाने से बाज नहीं आ रही। राज्य के हालात ये हैं कि राज्य सरकार के मंत्रियों से नैतिकता गायब है, गरीबों की थाली से रोटी गायब है, बेरोजगारों का रोजगार और सरकार का इमान गायब है। कहा कि ऐसे में हेमंत सरकार से राज्य के विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती।

# हेमंत राज में बहन-बेटियां असुरक्षित : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार की विधि व्यवस्था को ध्वस्त बताते हुए कहा कि अपराधियों में पुलिस प्रशासन का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है। श्री प्रकाश ने साहिबगंज के बोरियो संथाली गांव की रहने वाली आंगनबाड़ी सेविका मालोती सोरेन की टुकड़ों में काट कर हुई हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हेमंत राज में बहन बेटियों की इज्जत और जान दोनों सुरक्षित नहीं हैं। बेटियों के माता पिता और परिजन दहशत में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस साहिबगंज के बोरियो में विगत 16 दिसंबर को 50 टुकड़ों में काटकर रुबिका पहाड़िन की दर्दनाक हत्या की गयी थी, उसी क्षेत्र में छह माह के अंदर उसी प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति होना यह बताता है कि राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 5000 से अधिक बलात्कार की घटनाएं पिछले तीन वर्षों में पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं। दरिंदे और अपराधी पांच-छह साल की बच्चियों को भी अपनी हवस का शिकार बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री का ढोल पीटनेवाले हेमंत सोरेन के राज में सर्वाधिक प्रताड़ित आदिवासी और दलित बहन बेटियां ही हो रही हैं। फिर भी मुख्यमंत्री को अपराधियों पर गुस्सा नहीं आता है। उन्होंने कहा कि आखिर राज्य की कितनी बहन बेटियों की इज्जत और जान जाते देखना चाहती है राज्य सरकार। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों के साथ राज्य सरकार कड़ाई से पेश आये तथा अपराधियों को पकड़ कर कठोर सजा सुनिश्चित कराये।

# मोदी सरनेम केस मामले में राहुल गांधी को सशरीर हाजिर होने के आदेश को चुनौती देने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को सशरीर उपस्थिति होने का आदेश जारी किया गया है। इसे चुनौती देने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए कानून के जानकारों से सलाह भी ली जा रही है। दरअसल बुधवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दिया। रांची के रहनेवाले प्रदीप मोदी नाम के व्यक्ति ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी उपनाम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया था, जिस पर रांची एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। राहुल गांधी ने सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर) की धारा 205 के तहत सशरीर पेशी से छूट मांगी थी।

### लोकसभा चुनाव 2019 के प्रचार का है मामला

बता दें कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव 2019 के प्रचार के दौरान रांची के मोरहाबादी मैदान में कांग्रेस की सभा में नरेंद्र मोदी, नीरव मोदी, ललित मोदी का नाम लेने के साथ कहा था कि जिनके नाम के आगे मोदी है, वे सभी चोर हैं। इस आपत्तिजनक टिप्पणी पर अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायत वाद दर्ज कराया है। शिकायतवाद में कहा गया है कि सारे मोदी को चोर कहना निंदनीय, कष्टकारी और दिल को ठेस पहुंचाने वाला है. शिकायतकर्ता ने राहुल गांधी के खिलाफ 20 करोड़ रुपये की मानहानि का भी मामला दर्ज कराया है। अब अदालत इस मामले में 26 मई को सुनवाई करेगी।

# झारखंड में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे प्रधानमंत्री?

## दिल्ली में रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ, ट्रेन परिचालन पर हुई बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक महीने के अंदर पटना -हटिया से वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हो जायेगा। यहां के यात्री वंदे भारत एक्सप्रेस का आनंद ले सकेंगे। साथ ही चार महीने के अंदर दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची से ही आरंभ होगा। इस बाबत गुरुवार को नयी दिल्ली में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सांसद संजय सेठ की मुलाकात हुई।

सांसद ने अधिकारियों को यह प्रस्ताव दिया कि हटिया से पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन अविलंब शुरू किया जाये। सांसद ने प्रस्ताव दिया कि उक्त ट्रेन का परिचालन पटना से हटिया के लिए सुबह में और हटिया से पटना के लिए शाम में तय किया जाये। पटना से हटिया प्रस्थान का समय सुबह के 6:55 बजे और हटिया से पटना के प्रस्थान (वाया बरकाकाना, हजारीबाग,



कोडरमा) का समय शाम के 5:00 बजे निर्धारित करने का सुझाव दिया है। इस मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची से हो, इस दिशा में उनका प्रयास हमेशा से जारी था। 2021 में रेल मंत्री को पत्र लिख कर उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन हटिया से पटना और रांची से कोलकाता करने का आग्रह किया था।

रांची से कोलकाता वंदे भारत एक्सप्रेस 3 से 4 महीने के अंदर आरंभ होगी। इसका सुखद परिणाम सामने आया है।

सांसद ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से होगा। इससे संबंधित प्रस्ताव भी प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा गया है। प्रधानमंत्री का झारखंड आगमन हम सब के लिए गौरव की बात होगी। इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

# भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम सुनिश्चित करें : हाइकोर्ट

**संतोष पाठक की जनहित याचिका पर हुई सुनवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को रामगढ़ के भुरकुंडा में कोयला और लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन और अवैध माइनिंग से होनेवाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए संतोष पाठक की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर कोर्ट के आदेश का अनुपालन एक सप्ताह में सुनिश्चित करें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 मई निर्धारित की है। इससे पहले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राम शुभग सिंह की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अभी तक भुरकुंडा में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर राज्य सरकार की ओर से कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है। भुरकुंडा में कोल ट्रांसपोर्टिंग, लौह अयस्क की ट्रांसपोर्टिंग से प्रदूषण जारी है। अभी भी अवैध माइनिंग हो रही है और 50 साल से ज्यादा पुराने उद्योगों के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

**शपथ पत्र**



शपथ पत्र संख्या 1409 दिनांक 16.02.2023 के अनुसार मैं, जेमा पूर्ति उर्फ, मालती बोदरा, उम्र करीब -65 वर्ष, पति स्व. राय सिंह बोदरा, ग्राम-लातेहार माको, पोस्ट वो थाना-लातेहार, जिला-लातेहार राज्य-झारखंड राष्ट्रीयता-भारतीय शपथ पूर्वक निम्न घोषणा करती हूं:-

1. यह कि, मैं उपरोक्त ग्राम की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि, मैं जेमा पूर्ती एवं मालती बोदरा दोनों ही नामों से जानी/ पहचानी जाती हूं।
3. यह कि, आधार कार्ड संख्या-5550 0579 8358 में मेरा नाम जेमा पूरती अंकित है जबकि अन्य जगहों पर मेरा नाम मालती बोदरा दर्ज हो गया है।
4. यह कि, जेमा पूरती एवं मालती बोदरा दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरा ही है।
5. यह कि, मेरे उपरोक्त दोनों नामों को लेकर कोई विरोधाभाष न हो इसी आशय का यह शपथ-पत्र कर रही हूं।

# तिहाड़ जेल भी सुरक्षित नहीं

दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी और देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली तिहाड़ जेल के अंदर चार कैदियों ने जिस तरह से एक अन्य कैदी की हत्या कर दी, वह न केवल हैरत में डालती है, बल्कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। 20 दिन के अंदर तिहाड़ में यह दूसरे बड़े गैंगस्टर की हत्या है। टिल्लू ताजपुरिया नाम के इस गैंगस्टर की हत्या से जुड़े डीटेल्स परेशान करने वाले हैं। इससे साफ हो जाता है कि यह हीट ऑफ द मोमेंट में अचानक की गयी ऐसी हत्या नहीं है, जिसके बारे में किसी को भी पहले से कोई अंदाजा नहीं था और इसीलिए उसे रोकने के लिए कुछ करने का मौका नहीं मिला। यह जेल की सुरक्षा व्यवस्था की बारीकियों पर गौर करने के बाद सुनियोजित ढंग से अंजाम दी गयी घटना लगती है। इस घटना से जुड़ी दोनों गैंगों के बीच की दुश्मनी कोई छिपी हुई बात नहीं थी, जो लंबे समय से चली आ रही थी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि मारे गये गैंगस्टर को एक सप्ताह पहले सुरक्षा कारणों से ही मंडोली जेल से तिहाड़ लाया गया था। जाहिर है, इसके पीछे सोच यही रही होगी कि तिहाड़ जेल में वह ज्यादा सुरक्षित होगा।

**यह पूरा मामला तिहाड़ या किसी भी एक जेल की व्यवस्था में हलकी फुल्की चूक या लापरवाही का फायदा उठाने का नहीं, बल्कि अपराध नियंत्रण की हमारी पूरी व्यवस्था की नाकामी का, उसके काफी हद तक निष्प्रभावी होने का है।**

इसमें कुछ अस्वाभाविक भी नहीं था, क्योंकि न केवल सुरक्षा की दृष्टि से बल्कि अन्य पैमानों पर भी तिहाड़ देश की सबसे मॉडर्न और सबसे अच्छी जेलों में गिनी जाती है। ऐसे में यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि जब तिहाड़ जेल का यह हाल है, तो बाकी जेलों की क्या स्थिति होगी। इस हत्या से जो दो गैंग जुड़े हैं, उनकी दुश्मनी की शुरुआत 2013 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कॉलेज के स्टूडेंट यूनियन चुनाव से हुई बतायी जाती है। उसके बाद इनके बीच हमलों और हत्याओं का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसमें अब तक दोनों गैंग सरगनाओं सहित 22 लोगों की जानें जा चुकी हैं। जिस तरह से यह गैंगवॉर चलती रही, उससे स्पष्ट है कि जेल के अंदर या बाहर होने, पुलिस हिरासत में होने, यहां तक कि अदालत परिसर में होने से भी इस पर कोई फर्क नहीं पड़ा। टिल्लू गैंग के लोगों ने जब विरोधी गैंग के जितेंदर गोगी की हत्या की, तब वह सुनवाई के लिए रोहिणी कोर्ट ले जाया गया था। खुद टिल्लू भी तब जेल में था और जेल के अंदर से ही अपनी गैंग चला रहा था। जाहिर है, यह पूरा मामला तिहाड़ या किसी भी एक जेल की व्यवस्था में हलकी फुल्की चूक या लापरवाही का फायदा उठाने का नहीं, बल्कि अपराध नियंत्रण की हमारी पूरी व्यवस्था की नाकामी का, उसके काफी हद तक निष्प्रभावी होने का है। इसमें जल्द से जल्द सुधार लाने की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**घरेलू प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम), गैस आवंटन को बढ़ाने और गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से परिवहन और घरेलू क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति करने जैसे सक्रिय उपायों के माध्यम से दूरदर्शी शासन-व्यवस्था ने इसे संभव बनाया है। हाल ही में, महत्वपूर्ण एपीएम गैस मूल्य निर्धारण सुधारों की एक श्रृंखला को मंजूरी देने से संबंधित कैबिनेट निर्णय इस उद्देश्य को और आगे बढ़ायेगा।**

# गैस आधारित अर्थव्यवस्था के लिए युक्तिकरण और सुधार



**हरदीप एस पुरी**



मोदी सरकार भारतीय उपभोक्ताओं को अंतरराष्ट्रीय तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए कई उपाय कर रही है। जनवरी, 2021 से फरवरी, 2023 के बीच अंतरराष्ट्रीय गैस की कीमतों में 228% की आश्चर्यजनक वृद्धि के बावजूद, भारत में सीएनजी की कीमतों में वृद्धि को 83% तक सीमित रखा गया है, जो वैश्विक वृद्धि का केवल एक तिहाई है। राजनीतिक तौर पर विरोध कहने वाले, बढ़ती कीमतों की आलोचना करने की हड़बड़ी में, यह देखने में विफल रहते हैं कि अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत ने अपने नागरिकों को अत्यधिक मूल्य अस्थिरता से बचाने के लिए कितने अच्छे कदम उठाये हैं।

घरेलू प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम), गैस आवंटन को बढ़ाने और गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से परिवहन और घरेलू क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति करने जैसे सक्रिय उपायों के माध्यम से दूरदर्शी शासन-व्यवस्था ने इसे संभव बनाया है। हाल ही में, महत्वपूर्ण एपीएम गैस मूल्य निर्धारण सुधारों की एक श्रृंखला को मंजूरी देने से संबंधित कैबिनेट निर्णय इस उद्देश्य को और आगे बढ़ायेगा। इन सुधारों के द्वारा दो प्रमुख लक्ष्यों को हासिल किया गया है - पहला, अत्यधिक मूल्य अस्थिरता से भारतीयों की रक्षा करना और गैस आधारित क्षेत्रों में योजनाबद्ध पूंजीगत व्यय से जुड़े निवेश के लिए स्पष्ट रूपरेखा प्रदान करना और दूसरा, अन्वेषण और उत्पादन (इएंडपी) में नवाचार और निवेश को और बढ़ावा देना।

**भारत ने अपने गैस पाइपलाइन नेटवर्क की लंबाई 2014 के 14,700 किलोमीटर से बढ़ा कर 2023 में 22,000 किलोमीटर कर दी है।**

नये घरेलू गैस मूल्य निर्धारण दिशानिर्देश, 2014 की सीमाओं के कारण युक्तिकरण और सुधार (आर एंड आर) की आवश्यकता सामने आयी, जो हाल तक, चार अंतरराष्ट्रीय केंद्रों पर गैस की मात्रा-भारित औसत कीमत के आधार पर एपीएम की कीमतों को निर्धारित करती थी। इन कीमतों का प्रभाव एक महत्वपूर्ण समय अंतराल (6-9 महीने) के बाद पड़ता था और इससे कीमतों में उच्च अस्थिरता मौजूद रहती थी, यहां तक कि पिछले कुछ वर्षों में दो उत्पादक देशों की गैस हब कीमतों ने अपनी प्रासंगिकता खो दी है।

उदाहरण के लिए, अक्टूबर 2020 और सितंबर 2021 के बीच एपीएम मूल्य 1.79 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रहा, जो नामित क्षेत्रों के लिए 3.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की उत्पादन लागत से बहुत कम है। इस अवधि के दौरान, पश्चिम भारत में एलएनजी की कीमतों का औसत लगभग 11 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू रहा था। संक्षेप में, घरेलू उत्पादन को एलएनजी की कीमतों के 20% से भी कम मूल्य प्राप्त हुआ। हालांकि, रूस-यूक्रेन संकट के बाद अंतरराष्ट्रीय हब की कीमतों में 400% की वृद्धि के कारण सितंबर 2021 में उक्त एपीएम की कीमतें सितंबर 2021 के 1.79 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से बढ़कर अक्टूबर 2022 में 8.57 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू हो गईं, जिसका उर्वरक, बिजली और सिटी गैस वितरण (सीजीडी) क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के साथ-साथ राष्ट्रीय तेल कंपनियों को इस तरह की अस्थिरता से बचाने का फैसला किया, एपीएम की कीमतों को मासिक आधार पर निर्धारित किए जाने वाले भारतीय क्रूड बास्केट मूल्य के 10% पर रखने के साथ-साथ नामांकन क्षेत्रों के लिए 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के अधिकतम सीमा और 4.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की न्यूनतम सीमा तय की गयी। अधिकतम सीमा पिछले 20 वर्षों के भारतीय कच्चे तेल की कीमत (लगभग 65 डॉलर प्रति बीबीएल) के 10% पर निर्धारित की गई है, जबकि न्यूनतम मूल्य का निर्धारण, नामांकन क्षेत्रों से गैस उत्पादन के लिए लगभग 3.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के उत्पादन की सीमांत लागत पर विचार करता है। अधिकांश भारतीय दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंध, ब्रेंट से लगभग 13% अधिक पर केन्द्रित रहे थे। एलएनजी अनुबंधों में द्रवीकरण, परिवहन और पुनर्गैसीकरण की लागतों को ध्यान में रखते हुए, घरेलू गैस, एपीएम कीमतों से 10% अधिक रही।

इन सुधारों के बाद, घरों के लिए खाना पकाने के ईंधन (पीएनजी) की औसत लागत लगभग 10% कम हो गई है और सीएनजी कीमतों में 6-7% की गिरावट दर्ज की गयी है। एक और महत्वपूर्ण लाभ, उर्वरक सब्सिडी में कमी से संबंधित है, जिसके हर साल 2000 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। ये सुधार, नामांकन के परिपक्व क्षेत्रों के लिए न्यूनतम मूल्य प्रदान करके ई व पी क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद करेंगे, साथ ही नामित क्षेत्रों के नए कूओं को भी प्रोत्साहित करेंगे, जो 20% अधिक मूल्य प्राप्त करेंगे। ओएनजीसी और ओआईएल से उत्पादन पर निर्धारित अधिकतम सीमा पहले दो वर्षों के लिए समान रहेगी और फिर किसी भी लागत मुद्रास्फीति को समायोजित करने के लिए, इसमें हर साल 0.25 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की वृद्धि होगी। ये सुधार नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) क्षेत्रों या उच्च दबाव, उच्च तापमान (एचपी-एचटी) क्षेत्रों की निजी कंपनियों को प्रभावित नहीं करेंगे, जिनके पास अधिकतम कीमत या फरवरी 2019 के बाद प्रस्तुत क्षेत्र विकास योजनाओं से नया गैस उत्पादन मौजूद है। उनके लिए विपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता जारी रहेगी।

कैबिनेट के फैसलों को बाजारों और विशेषज्ञों, दोनों तरफ से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हालांकि, कुछ टिप्पणीकारों ने इस अखबार के एक ऑप-एड में इन सुधारों के बारे में चिंता जताई है। उनके लेख में कहा गया है कि घरेलू उपभोक्ताओं को यूएस-आधारित हेनरी हब की कीमतों में हाल में आयी कमी से लाभ होता, यदि रूसी गैस की कीमतों में सुधारों को लागू नहीं किया गया होता। लेख इस बात का उल्लेख करना भूल जाता है कि 2014 के नियम के तहत चार हब थे और एक हब की कीमतें, यानी ब्रिटिश-आधारित वर्चुअल ट्रेडिंग जोन नेशनल बैलेंसिंग पॉइंट (एनबीपी) अभी भी 12 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के आसपास है। इसके अलावा, वर्तमान कीमतों ने केवल अक्टूबर 2023-मार्च 2024 के अगले मूल्य चक्र में एपीएम की कीमतों को प्रभावित किया होता। नियम में हाल में हुआ बदलाव यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ताओं को लाभ, बिना किसी समय अंतराल के मिले, क्योंकि कीमत अब अर्धवार्षिक आधार के बजाय मासिक आधार पर निर्धारित की जाएगी।

उपरोक्त लेख में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घरेलू गैस के लिए मौजूदा उच्च कूप की शीर्ष कीमतें, कतर एलएनजी के अलावा, भारत में एलएनजी निर्यात के लिए निरंतर उच्च कीमत सुनिश्चित करती हैं। घरेलू गैस की कीमतों का लंबी अवधि के एलएनजी अनुबंधों या यहां तक कि एलएनजी की तत्काल खरीद से कोई लेना-देना नहीं है। रुके हुए गैस आधारित बिजली संयंत्रों को लेकर भी चिंता जताई गई है। पिछले अर्धवार्षिक मूल्य 8.57 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू के दौरान, कुछ बिजली संयंत्रों ने अनुबंधित गैस लेना बंद कर दिया था, जिसके कारण गैस बिक्री और खरीद समझौते (जीएसपीए) के तहत लेने या भुगतान करने की बाध्यता से जुड़ी समस्याएं पैदा हो गई थीं। 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की नई सीमा के साथ, गैस बिजली संयंत्रों को अब राहत मिलेगी, जो आवश्यक भी है। कठिन क्षेत्रों (डीपवाटर, अल्ट्रा डीपवाटर और एचपी-एचटी फील्ड) से गैस उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मार्च 2016 में अधिसूचित किया था कि एचटीएचपी की अधिकतम कीमतों को आयातित वैकल्पिक ईंधन जैसे एलएनजी और आयातित ईंधन तेल के यहाँ तक पहुँचने के मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए। इस सरकार से पहले, इन क्षेत्रों से उत्पादन को व्यावहारिक नहीं माना जाता था। आज, कठिन क्षेत्रों से उत्पादन, कुल घरेलू गैस उत्पादन के लगभग 20% तक पहुंच गया है और अगले कुछ वर्षों में इसके 30% तक पहुंचने की उम्मीद है। इन क्षेत्रों से उत्पादन की प्रकृति, जटिलता और व्यावहारिकता को ध्यान में रखते हुए, उनके नियम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

भारत तेल और गैस परिचालन के लिए तेजी से अवसंरचना का विस्तार कर रहा है तथा उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों के हितों को संतुलित करने के लिए नीतिगत सुधारों को क्रियान्वित कर रहा है। भारत ने अपने गैस पाइपलाइन नेटवर्क की लंबाई 2014 के 14,700 किलोमीटर से बढ़ाकर 2023 में 22,000 किलोमीटर कर दी है। घरेलू कनेक्शन की संख्या 2014 के 22.28 लाख से बढ़कर 2023 में 1.03 करोड़ हो गई है। भारत में सीजीडी से कवर किये गए जिलों की संख्या 2014 के 66 से बढ़कर 2023 में 630 हो गयी है, जबकि सीएनजी स्टेशन 2014 के 938 से बढ़कर 2023 में 5,283 हो गए हैं। भारत की एलएनजी टर्मिनल पुनर्गैसीकरण क्षमता 2014 के 21.7 एमएमटीपीए से बढ़कर 2023 में 42.7 एमएमटीपीए हो गई है, जबकि 20 एमएमटीपीए क्षमता निमार्णाधीन है। प्राकृतिक गैस की बढ़ती मांग के साथ, भारत अपने ऊर्जा-स्रोतों में व्यापक बदलाव के लक्ष्यों के हिस्से के रूप में गैस आधारित अर्थव्यवस्था को साकार करने के मार्ग पर है। भारत के लिए एक स्वच्छ, हरित और सतत ऊर्जा भविष्य का विजन तेजी से वास्तविकता बन रहा है।

**(लेखक : भारत सरकार के केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### भाकपा माओवादी संगठन और पीएलएफआइ उग्रवादियों ने पर्चा देकर मांगी लेवी

# नहीं देने पर अंजाम भुगतने की दी धमकी

**ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुल निर्माण का ठेका चंदेल कंस्ट्रक्शन को मिला।**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के वर्षों पुराने पुल निर्माण के सपने पर ग्रहण लग सकता है। इसका कारण है भाकपा माओवादी नक्सली और पीएलएफआइ नक्सली द्वारा पर्चा देकर लेवी की मांग करना। इसके बाद से क्षेत्र में दहशत है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के जारकी गांव के समीप चक्रधरपुर और बदंगांव प्रखंड को जोड़ने के लिए वर्षों से एक पुल की मांग की जा रही थी। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुल निर्माण का ठेका चंदेल कंस्ट्रक्शन को मिला। पुल का निर्माण कार्य काफी तेजी से हो रहा था, लेकिन गत 21 अप्रैल को भाकपा माओवादी संगठन के हथियारबंद उग्रवादियों ने पुल निर्माण स्थल पर पहुंच कर वहां कार्य कर रहे मजदूरों को धमकाया और लेवी के रूप में पूरी योजना का 10% कमीशन देने की मांग से संबंधित पत्र देकर चले गये। उग्रवादियों ने लेवी नहीं देने पर काम बंद करने की भी धमकी दी। इस घटना के बाद से काम करनेवाले कर्मचारियों में दहशत है।

### मामले की छानबीन कर रही पुलिस

हालांकि मामले की सूचना मिलने के बाद चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंदशेखर ने दलबल के साथ पुल निर्माण स्थल पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी वहां काम करनेवाले मुंशी और मजदूरों से पूछताछ कर चुके हैं। पुलिस का कहना है कि नक्सलियों के नाम पर शरारती तत्वों का काम हो सकता है, क्योंकि इस क्षेत्र में कोई नक्सली संगठन सक्रिय नहीं है। वहीं साइट इंचार्ज का कहना है कि कुछ लोग आये थे, जो पर्चा देकर गये हैं। हमें यह पर्चा फर्जी लग रहा है। इधर चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि इस संबंध में सूचना मिली है, लेकिन ठेकेदार द्वारा कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### 23 अप्रैल को पीएलएफआइ ने मांगी रंगदारी

माओवादियों द्वारा लेवी मांगे जाने की घटना को 48 घंटे भी नहीं बीते थे कि 23 अप्रैल को पीएलएफआइ नक्सली संगठन के लोगों ने कार्यस्थल पर पहुंच संगठन के नाम पर पर्चा देकर लेवी की मांग की। पर्चा में कहा गया कि पहले पैसा जमा करो फिर काम करो, साथ ही यह भी धमकी दी गयी कि अगर पुलिस और पत्रकार को सूचना दी तो अंजाम बुरा होगा। इसमें लेवी देने के लिए नक्सली पर्चे में फोन नंबर भी लिखा गया था। इस घटना के बाद से पुल निर्माण का काम बंद है। मजदूरों में दहशत ऐसी कि बाहर के मजदूर काम छोड़ कर वापस चले गये हैं, जबकि कुछ स्थानीय मजदूरों के द्वारा पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कहा यह भी जा रहा है कि ठेका कंपनी की ओर से अब तक पुलिस को कोई लिखित सूचना नहीं दी गयी है।

# बच्चों के मनोरंजन के लिए फन वर्ल्ड का उद्घाटन आज

### एसडीओ और सहायक पुलिस अधीक्षक होंगे शामिल

**डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन के लिए वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन लगाया जा रहा।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के साकची स्थित आमबगान मैदान में हिंदुस्तान का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तैयारी पूरी कर ली। गुरुवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी गई। मौके पर फन वर्ल्ड के आयोजक चंद्रशेखर पर्वत ने बताया शहर में बच्चों की मनोरंजन के लिए 05 मई से डिजनीलैंड की शुरूआत की जायेगी। संध्या 7:15 बजे धालभूम अनुमंडलाधिकारी पियुष सिन्हा व सहायक पुलिस अधिक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया जायेगा। उन्होंने बताया इस वर्ष कई नये तरह के स्टॉल व मनोरंजन के नये-नये साधन उपलब्ध किया जायेगा। डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन के लिए वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन लगाया जा रहा है। बचो के साथ ही बड़ों को ध्यान में रखते हुए विशेष आकर्षण का केन्द्र बिजली झूला उपलब्ध रहेगी। जिसका जमशेदपुर शहर में हमेशा से मांग रहती है। इसके अतिरिक्त मेले में हेन्डलूम एवं हेंडी क्राफ्ट की अनेको तरह की दुकाने रहेगी। इसके अलावे विभिन्न राज्यों से आये मनमोहक के द्वारा मेंहैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाइटी अलग अलग रंगों एवं डिजाइनों में उपलब्ध होंगी। जिसकी गुणवत्ता काफी अच्छी एवं कीमत काफी प्रतिस्पर्द्धात्मक रहेगा। उन्होंने बताया गर्मी की छुट्टीयों में बच्चों के साथ-साथ उसने गार्जियन खरीददारी के पश्चात जायकेदार नाश्ते एवं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी उठा सकेंगे। साथ ही उनके द्वारा खरीददारी से कुशल एवं प्रशिक्षित बेरोजगारों के समूह द्वारा बनाये गये उत्पाद से उनके रोजगार को भी बल मिलेगी। उन्होंने कहा फन वर्ल्ड डिजनीलैंड एक ऐसा समुह है जो बेरोजगारों को रोजगार का एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है। इससे देश के तरक्की में अदृश्य योगदान रहता है। उन्होंने बताया फन वर्ल्ड डिजनीलैंड गर्मी के मौसम में परिवार के साथ मनोरंजन का एक अवसर प्रदान करती है। जिसका इंतेजार जमशेदपुर व आस-पास के निवासी साल भर से करते हैं। मौके पर चंद्रशेखर पर्वत के अलावा शत्रुघन गिरी, एडवोकेट समरेंद्र सिंह, पुरूषोत्तम मिश्रा, संतोष मिश्रा, कौशल किशोर पर्वत एवं अलमगीर उपस्थित रहे।

### बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध के लिए सिविल सर्जन से मिले परिषद सदस्य

# गोविंदपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** गोविंदपुर क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य डॉ पारितोष कुमार ने छोटा गोविंदपुर एवं आस पास के पंचायतों में जनता को बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिले के सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी से मुलाकात की। मौके पर 2 सूत्री मांग पत्र सौपा। गुरुवार को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा छोटा गोविंदपुर के 5 पंचायतों के लगभग 50 हजार की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विगत 8 वर्षों से पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना राजकीय बुनियादी विद्यालय प्रांगण में की गई थी। जिसमें विभाग के द्वारा डॉ की भी पदस्थापना की गई थी। मगर स्थापना के कुछ दिनों के पश्चात यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद हो गया। वर्तमान में छोटागोविंदपुर, खरंघाझाड़, राधिकानगर, जोजोबेडा की लगभग एक लाख आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु गोविंदपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उत्क्रमित करते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से पूर्ण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की जाये। जो आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मील का पत्थर साबित होगा। वही हाउसिंग कॉलोनी में चल रहे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति अत्यंत जर्जर है। दरवाजे-खिड़कियों में दीमक चाट गया है। जगह-जगह छत से जल का रिसाव हो रहा है। छत से प्लास्टर टूट के गिर रहे हैं। शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में उन्होंने जल्द से जल्द इसका जीर्णोद्धार करते हुए केंद्र को अपग्रेड करने की मांग की। ताकि गर्भवती महिलाओं के प्रसूति सहित अन्य सुविधायें भी प्रदान की जा सके। सिविल सर्जन ने मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य सतवीर सिंह बग्गा, दिनेश सिंह, मनीष सिंह, प्रशांत चौधरी, विजय कुमार उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे खड़े वाहनों पर पुलिस सख्त, वसूलेगी जुर्माना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला पुलिस ने शहरी क्षेत्र के मुख्य सड़क में अवैध पार्किग को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। गुरुवार को थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान में सड़को के किनारे खड़े बाइक चालको से जुर्माना वसूला गया। थाना प्रभारी ने बताया शहरी क्षेत्र के मुख्य सड़क में रोड किनारे गलत ढंग से खड़े किए गए वाहन व रोड किनारे भवन निर्माण सामग्री रखने वालों पर पुलिस अधिनियम की धारा 34 के तहत कार्रवाई कर जुर्माना लगाया गया। नगर क्षेत्र में दो पहिया एवं चौपहिया वाहन के साथ मुख्य रास्तों पर भवन निर्माण सामग्री को रख दिये जाने से जाम की स्थिति उत्पन्य हो रही। वही यातायात भी बाधित होती है। उन्होंने कहा सड़क पर इधर उधर वाहन खड़ी कर यातायात प्रभावित करने वाले के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान आगे भी चलेगी। उन्होंने बताया दुकान के पास सड़क में वाहन खड़े होने पर दुकानदार से भी जुर्माना वसूला जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जेइइ मेंस की परीक्षा में आरके पब्लिक स्कूल की छात्रा अलिशा हुई सफल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग कालेजों में नामांकन के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेंस) में आरके पब्लिक स्कूल की छात्रा अलिशा खातून ने भी अपनी सफलता का परचम लहराया है। आरके पब्लिक की छात्रा अलिशा खातून ने सीबीएसई मैट्रिक 2020 की परीक्षा में 98.4%अंक प्राप्त कर राज्य में तीसरा स्थान व गढ़वा जिला में टॉप कर स्कूल व अपने माता-पिता के साथ-साथ गढ़वा जिला को भी गौरवान्वित किया था। इसके बाद 2022 में सीबीएसई बारहवीं विज्ञान विषय में 97.6% अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आज फिर उसने अपने लगन और परिश्रम से जेईई मेंस 2023 में 98.0891804 अंक लाकर अपनी सफलता का परचम लहराकर एकबार फिर से सभी को गौरवान्वित किया। अलिशा की पढ़ाई नर्सरी से बारहवीं तक आरके पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा गढ़वा से ही हुई। वह शुरू से ही स्कूल की मेधावी छात्रा रही। उसकी इस सफलता पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि अलिशा शुरू से ही स्कूल की मेधावी छात्रा रही है जो एक सामान्य परिवार से आती है। दसवीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल से उसे निःशुल्क शिक्षा दी गई। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों को अलिशा से प्रेरणा लेनी चाहिए जिसने बिना कोचिंग व ट्यूशन के स्वध्याय के बल पर यह सफलता हासिल की। यह स्कूल के कर्मठ व योग्य शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि गढ़वा जैसे छोटे शहर के बच्चे भी बिना विशिष्ट कक्षा व विख्यात कोचिंग के सफलता के परचम लहरा रहे हैं।

### डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विशेष सेमिनार का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में गुरुवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा ने बच्चों को नॉन कम्युनिकेबल डिजीज अर्थात गैर संक्रमणीय रोग के विषय में बताया। उन्होंने बच्चों के बीच तंबाकू और उससे होने वाले अन्य रोगों के विषय में बताया। साथ-साथ बहुत से आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि हमारे देश में हर 06 सेकंड में तंबाकू के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु होती है। यह एक ऐसी लत है जो बहुत जल्द आती है और बहुत देर से छूटती है। इसी के साथ उन्होंने बच्चों के बीच एक प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें अनुराधा गुप्ता प्रथम, राहुल कुमार द्वितीय और कृष्णा कुमार तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। इन सभी को डिक्शनरी और बैग देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ पियूष सोनी, अंश सोनी, एंजेल कुमारी, रागिनी कुमारी, प्रज्ञा राज, प्रिंस कुमार और दुर्गा कुमारी को टोपी देकर सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। बच्चों को यह शपथ दिलायी गयी कि 'मैं यह शपथ लेता हूं /लेती हूं कि किसी भी प्रकार का तंबाकू का सेवन नहीं करूंगा/ करूंगी और अपने परिजनों को इससे होने वाली बीमारी के बारे में बताऊंगा/बताऊंगी'। अंत में निदेशक सुशील कुमार केसरी ने आए हुए अतिथियों शिक्षकों और बच्चों को ऐसे जागरूकता कार्यक्रम के लिए बधाई और धन्यवाद दिया।

### सरकारी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन 6 मई से : बीपीओ




**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार सरकारी विद्यालयों में 6 मई से प्रारंभ होने वाले वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बाबत रंका प्रखंड संसाधन केंद्र रंका से कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों के वार्षिक मूल्यांकन प्रश्न पत्र तथा उत्तर पुस्तिका का वितरण किया गया। इसके संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे ने बताया कि प्रखंड संसाधन केंद्र रंका के 152 प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहित राजकीय मध्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक परीक्षा एसए दो का प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका का वितरण शिक्षकों को किया गया। बताते चलें कि आगामी 6 मई से 13 तक सरकारी विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन किया जाना है। जिसके तहत दो दिवसीय बीआरसी स्तर पर प्रश्न उत्तर पुस्तिका वितरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसमें रंका प्रखंड के 12 संकूल के संकूल साधन सेवियों सहित प्रखंड साधन सेवी तथा बीआरसी के पदाधिकारियों को भी लगाया गया है। इस अवसर पर सीआरपी आदि उपस्थित थे।

## बंशीधर महोत्सव : पहले दिन मशहूर कलाकारों ने कार्यक्रम पेश कर दर्शकों का दिल जीता

# गायकों की भक्ति और फिल्मी गीतों पर रातभर झूमते रहे श्रोता

**कार्यक्रम के शुभारंभ में गंगा आरती के साथ पूरा कार्यक्रम स्थल हुआ भक्तिमय**






**उपायुक्त ने सभी कलाकारों को बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट की**







आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के पहले दिन तीन मई को कई मशहूर कलाकारों सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम अपनी प्रस्तुति दी। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। जिसमें प्लेबैक सिंगर विनोद राठौर, किस्सू राहुल, शगुन पाठक, हास्य कलाकार सुनील पाल, पाईका नृत्य कला दल अशोक कश्यप एवं दल, गोंडय नृत्य कमलेश सिंह एवं दल द्वारा प्रस्तुति किया गया। लोग अरविंद कुमार अकेला उर्फ कल्लू के गानों पर देर शाम तक खूब थिरकते रहे। वहीं अरविंद कुमार अकेला ने भक्ति गानों के साथ साथ, नाच रे पतरकी नगीन जइसन गानों पर लोगों को डांस करने पर मजबूर कर दिया। वहीं विनोद राठौर ने शाहरुख खान के फिल्मों के गानों पर लोगों को खूब झुमाया। विनोद राठौर के संजय दत्त की फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस एवं खलनायक के गानों पर संजय दत्त की स्टाइल में खूब डांस किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गंगा आरती के साथ हुआ। गंगा आरती से पूरा कार्यक्रम स्थल भक्ति मय हो गया। वहीं सुनील पाल ने अपनी कॉमेडी से सभी को हंसाते हंसाते लोटपोट कर दिया। किशु राहुल के डांस ने अद्भुत शमा बांधा। कलाकारों की प्रस्तुति से उपस्थित लोग बंधे नजर आए एवं पूरे कलाकारों की खूब हौसला अफजाई की। प्रशासन को भीड़ को कंट्रोल करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। खुद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने कार्यक्रम में मोर्चा संभाला रखा था। कार्यक्रम के अंत में जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर ने सभी कलाकारों को बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट कर सभी को विदा किया। कार्यक्रम देर रात तक चला जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ की पत्नी सहित चार के खिलाफ वारंट जारी

**नगर ऊंटारी बीडीओ ने अपनी पत्नी एवं उसके कथित पुरुष साथी सहित चार लोगों के खिलाफ परिवारवाद दायर किया था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी बीडीओ श्रवण राम के द्वारा अपनी पत्नी प्रीति देवी एवं पत्नी के कथित पुरुष साथी पलामू जिला निवासी विकास दुबे सहित चार लोगों पर परिवारवाद दायर किया था। जिसमें विकास दुबे प्रीति देवी सहित चार अभियुक्तों पर नगर उंटारी अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कच्छप के न्यायालय ने वारंट जारी किया है। जानकारी के अनुसार नगर उंटारी बीडीओ श्रवण राम ने वर्ष 2022 में अपनी पत्नी प्रीति देवी एवं उसके पुरुष साथी विकास दुबे के साथ देव कुमार राम रवि, अंजना देवी पर परिवारवाद सं. 299/2022 के अंतर्गत न्यायालय गढ़वा में वाद दर्ज कराया था। जिसके आलोक में न्यायालय द्वारा आईपीसी की धारा 420, 452, 323, 484, 385, 386, 504, 506, 120 बी में संज्ञान लेकर समन जारी किया। न्यायालय में चारों अभियुक्तों के अनुपस्थित रहने के पश्चात नगर उंटारी एसीजेएम न्यायालय ने चारों अभियुक्तों पर वारंट जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि श्रवण राम वर्तमान में नगर उंटारी बीडीओ के पद पर नियुक्त हैं। उनके द्वारा अभियुक्तों पर अभियुक्तों के द्वारा एक राय होकर षड्यंत्र रच कर सुनियोजित ढंग से परिवादी को उत्तेजित करने, अभियुक्त संख्या तीन प्रीति देवी के नाम से जमीन खरीदवाने एवं घर बनवाने तथा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने तथा परिवादी के घर में घुसकर परिवादी की मां के साथ मारपीट करने एवं हत्या करने की धमकी देकर भयभीत करने तथा घर में रखा हुआ जमीन, बैंक, शिक्षा, संबंधित कागजात बाजबरदस्ती लूटकर ले जाने तथा परिवादी के निर्विवाद स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि को बिक्री करने का प्रयास करने तथा बैंक से पैसा निकालने का प्रयास करने एवं परिवादी के द्वारा अभियुक्त संख्या 3 प्रीति देवी को आपत्तिजनक स्थिति में देखने, हत्या करने व करवाने की धमकी देने एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया था। इसके पूर्व भी डालटेनगंज शहर थाना में कांड संख्या 123/22 के अंतर्गत विकास दुबे एवं प्रीति देवी पर श्रवण राम के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। उसमें दोनों वर्तमान में जमानत पर हैं।

मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण नगर उंटारी में काफी चर्चा में बना हुआ है। श्रवण राम के दो संतान एक पुत्र एवं एक पुत्री श्रवण राम के साथ नगर उंटारी में ही रहते हैं। मामले में दोनों पक्षों से किसी पक्ष की प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है।

### नगर उंटारी महिला थाना प्रभारी लूसी रानी की गयीं पद मुक्त

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर उंटारी महिला थाना प्रभारी लूसी रानी को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार लूसी रानी पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने बदतमीजी एवं दुर्व्यवहार करने की शिकायत की थी। जानकारी के अनुसार बंशीधर महोत्सव के उद्घाटन समारोह में जिप अध्यक्ष शांति देवी उद्घाटन स्थल पर पहुंच रही थीं, जहां लूसी रानी के द्वारा उन्हें रोका गया। बतौर जिला परिषद अध्यक्ष अपनी पहचान बताने के बावजूद भी शांति देवी को अंदर नहीं आने दिया गया। शांति देवी ने इसकी शिकायत मंत्री मिथिलेश ठाकुर से भावुक होकर की, जिस पर मंत्री श्री ठाकुर ने तत्काल संज्ञान लेने का आदेश दिया। उसके परिणाम स्वरूप नगर उंटारी थाना महिला प्रभारी लूसी रानी को पद मुक्त कर दिया गया है।

## टेंपो पलटने से आठ वर्षीय बालक की मौत

**आधा दर्जन लोग घायल**

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर-केतार मुख्य मार्ग पर हरिचन मोड़ के समीप गुरुवार को एक तेज रफ्तार टेम्पो पलटने से एक बच्चा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उस पर सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मृतक श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव निवासी आशीष राम का आठ वर्षीय पुत्र शुभम कुमार बताया जा रहा है। घायलों में केतार थाना क्षेत्र के बीजडीह गांव निवासी श्रीधन राम, सोनी देवी पति कृपाशंकर पासवान, पाल्हे के फूलमनी कुंवर (65), ललिता देवी पति अनिरुद्ध राम, सुगिया देवी पति राजेश राम के नाम शामिल हैं। सभी घायलों को रास्ते से गुजर रहे युवकों ने इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद श्रीधन राम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार श्रीधन राम व सोनी देवी टेम्पो पर सवार होकर बीजडीह से श्रीबंशीधर नगर के बारोडीह गांव शादी में शामिल होने जा रहा था, जबकि उसी टेम्पो से सुगिया देवी, फुलमानी कुंवर, ललिता देवी व शुभम कुमार एक शादी समारोह से अपने घर पाल्हे लौट रहे थे।

### महीनों से बंद पड़ी डीपबोर को रंकाकला पंचायत के मुखिया ने चालू कराया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका बाजार नदी के पश्चिम भाग में स्थित रंका की लाइफ लाइन पेयजल आपूर्ति योजना की बोर महीनों से बंद पड़ी थी। जिसे रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया के द्वारा चालू करा दिया गया है। बताते चलें कि 10 अप्रैल से मोटर जल जाने के कारण पानी आपूर्ति में रंका वासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। लोगों को रात्रि में साइकिल पर पानी ढोते देखा गया है। इसके संबंध में रंका मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया ने बताया कि अब रंका वासियों को निर्बाध रूप से पानी की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्वी एवं पश्चिमी डीप बोर में 25-25 एचपी का मोटर लगाया गया है। दोनों बोर से पाइपलाइन को जोड़कर रंका अनुमंडल वासियों को समय-समय पर पानी की आपूर्ति की जाएगी।

### बीपीओ ने प्रखंड के दो विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, एमडीएम राशि की बंदरबांट की हुई पुष्टि

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बीपीओ रविन्द्र मेहता ने गुरुवार को प्रखंड के दो विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बुनियादी विद्यालय समय से पहले बन्द होने एवं उप्रावि भुइयां टोली में बच्चों की फर्जी हाजिरी बनाकर एमडीएम की राशि की बंदरबांट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बीपीओ रविन्द्र मेहता ने बताया कि उप्रावि भुइयां टोली में सुबह साढ़े नौ बजे अनुश्रवण किया गया। इस दौरान पाया गया कि बीते 3 मई को विद्यालय में 52 बच्चों की अधिक हाजरी बनाई गई। फर्जी हाजरी बनाये जाने की पुष्टि शिक्षिका सुधा कुमारी के सामने बच्चों ने भी की है। वहीं करीब पौने एक बजे के करीब बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर पूर्णतया बन्द पाया गया। बीपीओ ने फर्जी हाजरी बनाकर एमडीएम की राशि में घपला करने को कुकृत्य बताते हुए इसकी वसूली शिक्षिका सुधा कुमारी के एक वर्ष के मानदेय से करने की बात कह स्पष्टीकरण की मांग की है। वहीं समय से पूर्व बुनियादी विद्यालय बन्द पाए जाने पर उक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों के एक दिन का मानदेय काटते हुए स्पष्टीकरण पृच्छा की है। दोनों विद्यालय के शिक्षकों को तीन दिन के भीतर अपना अपना स्पष्टीकरण साक्ष्य के साथ देना है। इस संबंध में पूछे जाने पर बुनियादी विद्यालय के प्रभारी एचएम विभूति प्रकाश ने बताया कि उस समय मैं फोटोकॉपी कराने गया था।


**कार्यालय:- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा**

पत्रांक................(DHS) कोडरमा, दिनांक......../05/2023

**अति अल्पकालीन निविदा**

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत कोडरमा जिले के सभी सरकारी सूचीबद्ध अस्पतालों कोडरमा में आयुष्मान किट का क्रय किया जाना है। उक्त के दर निर्धारण हेतु इच्छुक व्यक्ति/एजेन्सी या सप्लायर से मुहरबंद निविदा दिनांक 15.05.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला आयुष्मान केंद्र, सदर अस्पताल कोडरमा, पिन– 825410 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा सीधे कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 17.05.2023 को अपराह्न 4:00 बजे निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा खोलने के समय निविदा दाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को रहना अनिवार्य है। आयुष्मान किट हेतु विवरणी (Specification) एवं निविदा के नियम एवं शर्तें www.koderma.nic.in के वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।

सिविल सर्जन–सह–सचिव
जिला स्वा0 समिति, कोडरमा

PR.NO.296489 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D



**ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/15/Special Works Division/2023-24 दिनांक–04-05-2023

| Sl.No | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Renovation and Furnishing Work in "Kala bhawan"Near Khelgaon Ranchi | Rs. 1,86,87,829 .00 | 06 माह |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 10.05.2023 | |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 24.05.2023 up to 11:00 A.M | |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 | |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9905899979 | |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR 296606 Building(23-24)D


## कार्यक्रम : कल्याणपुर में गायत्री शक्तिपीठ भवन निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन

# अगले शारदीय नवरात्र तक बन कर तैयार हो जायेगा शक्तिपीठ भवन: संजय सोनी

**भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित सभी गायत्री परिजनों ने सामूहिक यज्ञ कर गायत्री शक्तिपीठ भवन का निर्माण शीघ्र करने का लिया संकल्प**




**भाजपा नेता विनय चंद्रवंशी ने 11 डिस्मिल भूमि दान की घोषणा की**

**समारोह में भाजपा नेता विनय चंद्रवंशी ने गायत्री परिवार के लिये अपने परिवार की ओर से शक्तिपीठ के निकट स्थित अपनी 11 डिस्मिल भूमि देने की घोषणा की। समाजसेवी प्रकाश शंकर गुप्ता ने 55555 रुपये, उदय प्रसाद ने 21 हजार रुपये व रविंद्र केसरी ने 3100 रुपये देने की घोषणा की।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गायत्री परिवार के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ कल्याणपुर में भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। जिला प्रचारक संतन मिश्रा के निर्देशन में जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी एवं उनकी पत्नी शोभा सोनी ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया। इस अवसर पर जिले भर के गायत्री परिजन एवं शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित सभी गायत्री परिजनों ने सामूहिक यज्ञ किया और गायत्री शक्तिपीठ भवन का निर्माण शीघ्र करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ की आवश्यकता एवं उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये संजय सोनी ने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ के निर्माण हेतु वर्ष 2024 के शारदीय नवरात्रि की तिथि तक का समय निर्धारित किया गया है. समाज के सहयोग से इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जायेगा। समारोह में आदर्श विवाह समारोह समिति के अध्यक्ष विजय कुमार केसरी ने कहा कि गायत्री परिवार एक पवित्र आध्यात्मिक संगठन है। जिस तरह से इसका कार्यक्रम फैल रहा है, उसको देखते हुये एक सुविधायुक्त भवन की अतिआवश्यकता है। उन्होंने पूरी समिति की ओर से इसमें सहयोग करने की घोषणा की। समाजसेवी सह जिला पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी ने भी गायत्री परिवार के कार्यों की सराहना करते हुये भवन निर्माण में अपनी ओर से हरसंभव मदद करने की घोषणा की। उन्होंने गायत्री शक्तिपीठ के लोकेशन को देखने के बाद कहा कि यहां आने के बाद काफी शांति महसूस हो रही है। यह स्थल न सिर्फ फोरलेन बाइपास के निकट होने के कारण सुगम है, बल्कि यहां का वातावरण भी काफी प्राकृतिक व आकर्षक है। आदर्श विवाह समारोह समिति के सचिव प्रो. उमेश सहाय ने कहा कि आज समाज को गायत्री परिवार जैसे आध्यात्मिक संगठन की जरूरत है। आदर्श विवाह समारोह समिति भवन कार्य पूरा करने में अपनी भूमिका निभायेगी।

समारोह में कमलेश गुप्ता उर्फ पिंटू बाबू, समाजसेवी रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, गायत्री परिवार पलामू जिला समन्वयक अंबिका सिंह, मझिआंव से आये ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी, लीलावती तिवारी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन गढ़वा प्रखंड समन्वयक अखिलेश कुशवाहा ने किया। इस मौके पर सरस्वती चिकित्सालय के डॉ संजय कुमार, ज्योति गुप्ता, मनोज मिश्रा, सरयू चंद्रवंशी, सहायक प्रबंध ट्रस्टी डॉ आलोक रंजन दूबे, उप मुखिया मुकेश पासवान, वार्ड सदस्य अजीत शर्मा, अनिरूद्ध प्रसाद सोनी, कृष्णा चंद्रवंशी, मिथिलेश कुशवाहा, मझिआंव से वीरेंद्र सोनी, धर्मशीला देवी सहित महिला मंडल की महिलायें काफी संख्या में उपस्थित थीं।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला**
**एस.एस. +2 उच्च विद्यालय, गुमला परिसर, गुमला पिन : 835207**
**Email ID :- rmsagumla@gmail.com**

**अत्यावश्यक सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर अवमाननावाद संख्या 612/2022 में दिनांक 15.12.2022 को पारित अन्तिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या–21/2016 के तहत् अनुसूचित जिलों में नियुक्ति हेतु लम्बित अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी है, जिसमें इस जिला हेतु निम्नांकित विषयों के लिए स्तंभ 3 में अंकित अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित फाईल फोल्डर निदेशालय से दिनांक 02.05.2023 को प्राप्त हो चुकी है। विवरणी इस प्रकार है :–

| विषय | सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांक/दिनांक | इस जिला को प्राप्त अनुशंसित अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| इतिहास एवं नागरिक शास्त्र | 1285– 27.04.2023 | 75 |
| अंग्रेजी | 1286– 27.04.2023 | 10 |
| वाणिज्य | 1287– 27.04.2023 | 12 |
| शारीरिक शिक्षा | 1288– 27.04.2023 | 06 |
| कुड़ुख | 1289– 27.04.2023 | 05 |
| भूगोल | 1308– 28.04.2023 | 09 |
| अर्थषास्त्र | 1309– 28.04.2023 | 09 |
| कुल | | 126 |

उक्त के आलोक में अनुशंसित विषय के सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के पूर्व उनके शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्रों की जांच/काउन्सेलिंग इस कार्यालय के ज्ञापांक 915 दिनांक 04.05.2023 द्वारा **दिनांक 08.05.2023** के **पूर्वाह्न 10:00 बजे** से एस.एस. +2 उच्च विद्यालय गुमला में आयोजित की गयी है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक **08.05.2023** को **पूर्वाह्न 10:00 बजे** से एस.एस.+2 उच्च विद्यालय गुमला में अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/ जाति प्रमाण पत्र/आधार/पैन/चार रंगीन फोटो की मूल प्रति के साथ एवं दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ काउन्सेलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे इसके अलावे किसी अभ्यर्थी को सी.बी.एस.ई./केन्द्रीय विद्यालय/जवाहर नवोदय विद्यालय या आई.सी.एस.ई. बोर्ड में अध्यापन कार्य कराने का अनुभव हो तो उसकी मूल प्रति एवं स्व. अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ काउन्सेलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गुमला।

PR 296543 Jharkhand Education Project Council(23-24)#D

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 10 मई तक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 10/05/2023 तक है। प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राएं इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। लोहरदगा जिला के पंजीकृत 21 शिक्षण संस्थानों में कुल 15335 छात्र-छात्रायें इस योजना का लाभ पाने के लिए योग्य हैं जिसमें से कुल 8702 छात्र-छात्रायें इस योजना के लिए आवेदन कर चुके हैं। वैसे अहर्ता प्राप्त छात्र-छात्राएं जो अब तक इस योजना के लिए अपना आवेदन समर्पित नहीं किये हैं वे अंतिम तिथि से पूर्व अपना आवेदन विभाग के वेबसाईट पर समर्पित कर दें। अधिक जानकारी के लिए समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## पलाश मार्ट केंद्र का औचक निरीक्षण कर बीडीओ सीओ ने गुणवत्ता में सुधार का दिया निर्देश

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड परिसर प्रांगण में जेएसएलपीएस के द्वारा बेरोजगार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु प्रखंड स्तर पर ग्रामीण महिलाओं आत्मनिर्भर बनाने को लेकर पलाश मार्ट केंद्र चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से सुध भोजन और नेचुरल रूप से तैयार सामग्री को प्रोत्साहन देने और ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद वस्तु का बिक्री के हेतु बनाया गया। पलाश मार्ट केंद्र का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा और अंचलाधिकारी विजय कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कहा कि बिक्री के लिये निर्मित वस्तुओं का रेट चार्ट बनाये तथा ग्रामीण क्षेत्र मे पाये जाने वाले अन्न व वस्तुओं से ही सामग्री का निर्माण कर बिक्री करें। मौके पर महिला विकास मंडल का अध्यक्ष परमनी पन्ना, जेएसएलपीएस के जयन्त महिमा कंडुलना,पलाश मार्ट संचालिका तरामुनी मिंज मौजूद थे।

## घर का ताला तोड़ कर लाखो के सामान की चोरी

भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी गांव में विगत मंगलवार को अज्ञात चोरो ने चट्टी स्थित बचदान टोप्पो के घर में घुसकर दो लाख रुपये से अधिक का समान चोरी कर ले गये। चोरों ने घर में रखे तीन अलमीरा को तोड़ कर चोरो ने सभी समान को चोरी कर लिये चोरो ने 60 किलो कांसा का बर्तन, कान का सोना तथा सोने का हर सहित अन्य समान ले गये। घर मालिक बचदान टोप्पो परिवार सहित गुमला में रहता है वह गांव के ही एक व्यक्ति जतरु उराँव को घर के रखवाली के लिये रखा है। जतरु उराँव के घर में मंगलवार को शादी था इसलिए वह सोने नही आया था। चोरो ने इसी का मौका देख घटना को अंजाम दिया। जतरु उराँव बुधवार रात सोने आया तब पता चला चोरी होने की सूचना तुरंत मकान मालिक बचदान टोप्पो को दिया जिसके बाद मकान मालिक ने भंडरा थाने पहुंचकर चोरी होने की लिखित शिकायत किया।

## लातेहार के 77 घाटों से बालू का उठाव होगा आरंभ

# घाटों से बालू उठाने को लेकर डीसी ने जारी किया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त के द्वारा जिले के कैटगरी वन 77 बालूघाटों से बालू उठाव को लेकर निर्देश जारी किया गया है। उपायुक्त के निर्देश के पश्चात जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बालू उठाव को लेकर दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त के द्वारा जिले में 77 बालूघाट से बालू उठाव की अनुमति प्राप्त हुई है। सभी बालू घाटों पर निर्धारित नियम के तहत ही बालूघाटों से बालू उठाव करने की बात कही है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले भर में कुल 77 बालूघाट से कैटगरी वन बालू का उठाव किया जायेगा। बालू उठाव को लेकर पंचायत स्तर पर आठ सदस्यी टीम गठित की गयी है। जो बालू उठाव का संचालन करेंगी। वहीं बालू उठाव के लिए बनायी गयी समिति की निगरानी प्रखंडस्तरीय द्वारा किया जायेगा। बताया कि बालू घाटों से उठाये गये बालू का उपयोग निजी, गैर व्यवसायिक, सामुदायिक उद्देश्य और सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही होगा और बालूघाटों से बालू का उठाव सिर्फ ट्रैक्टर के माध्यम से किया जायेगा। किसी भी कीमत पर मशीन का उपयोग नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बालू उठाव कर उसका भंडारण किसी अन्य स्थान पर नहीं कर सकते है। उन्होंने बताया कि बालूघाटों से उठायें गये बालू का स्वामिस्व कर से मुक्त रहेगा और बालूघाटों में पहुंच पथ, प्रबंधन, पर्यवेक्षण इत्यादी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि ग्राम पंचायत, स्थानीय शासन द्वारा लिया जायेगा जो एक सौ रुपए प्रति 100 घनफुट होगा। बालू का उठाव किसी भी कीमत पर नदी में बने पुल-पुलिया के 2500 से 500 परिधी समीप से नहीं किया जाएगा एवं मानसून काल में बालू उठाव वर्जित रहेगा। जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर समिति अपने कैटेंगरी वन बालू घाट पर एक नामपट या सूचना पट लगवायेगी जिसमें बालूघाट का नाम, अंचल, मौजा, खाता, प्लांट और रकवा समेत ग्राम पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का नाम मोबाइल नंबर, अबतक कुल निश्काशित खनिजो का आयतन और पर्वेक्षण पदाधिकारी का नाम और मोबाईल नंबर लिखवाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा है कि बालू घाटों पर उपायुक्त द्वारा जारी आवश्यक निर्देश के आलोक में सुनिश्चित कराया जायेगा और इसकी जिम्मेवारी प्रखंड स्तरीय और पंचायत स्तरीय समिति की होगी।

**पंचायतस्तर पर गठित आठ सदस्यीय समिति बालूघाटों से बालू उठाव का करेंगा संचालन**

जिले के कैंटगरी वन बालूघाटों से बालू उठाव का संचालन पंचायतस्तर पर मुखिया की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यी टीम करेंगी। समिति में मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव समेत पांच सदस्यी टीम शामिल किये गये है।

**अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी और अंचल निरीक्षक बालूघाट से बालू उठाव की करेंगे निगरानी**

जिले के कुल 77 बालूघाटों से बालू उठाव की निगरानी प्रखंडस्तरीय टीम के द्वारा किया जायेगा। नियम के तहत बालू का उठाव हो इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी प्रखंडस्तरीय टीम पर रहेगी। प्रखंडस्तरीय टीम में प्रखंड के अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी और अंचल निरीक्षक शामिल है।

**इन बालूघाटों से होगा बालू का उठाव:** लातेहार जिले में कुल 77 बालू घाटों से बालू का उठाव आरंभ किया जायेगा। जिसमें चंदवा प्रखंड के 10, बालूमाथ 4, गारू 2।

## अपूर्ण पीएम आवासों को 31 मई तक अवश्य पूरा करें: बीडीओ



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय ने बुधवार को छिपादोहर क्षेत्रों में भ्रमण कर पीएम आवास का निरीक्षण किया। इस दौरान अपूर्ण पीएम आवासों के लाभुकों को 31 मई तक आवश्यक रूप से पीएम आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीड़ीओ ने अपने निरीक्षण क्रम में रिंकी देवी, भीम प्रसाद, महेश प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, अनिल कुमार राम, मालती देवी, पुलवा देवी और विना देवी समेत एक दर्जन से अधिक पीएम आवास के लाभुकों से मुलाकात कर पीएम आवास यथाशीघ्र प्रधानमंत्री आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी दी गयी कि अगर 31 मई तक प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्ण नहीं करते है तो वैसे लाभुकों को चिंहित कर सरकारी राशि हड़पने का उनके विरुद्ध थाना में एफ आई आर दर्ज किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कुछ लाभुक 2 साल पहले से प्रधानमंत्री आवास के प्रथम किस्त यानी 40000 रूपया लेकर के बैठे हुये हैं और उन्होंने अभी तक आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ भी नहीं किया है यह वैसे लाभुक है जो सक्षम लाभुक हैं वास्तव में इन्हें आवास मिलना ही नहीं चाहिये था । मगर चेक डाटा में नाम होने का लाभ उन्होंने उठा लिया और 40000 रूपये लेकर आवास नहीं बना रहे हैं। ऐसे लाभुकों से भी बीड़ीओ ने मुलाकात की और सख्त लहजे में उन्हें यह स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि 31मई तक उन्होंने आवास पूर्ण नहीं किया तो उनके विरुद्ध भी सरकारी राशि हड़पने और सरकारी राशि गबन करने का मुकदमा दर्ज किया जाएगा और उन्हें जेल भेजा जायेगा। उन्होंने कहा की 39 पीएम आवास लाभुक पीएम आवास के पैसा निकासी कर आवास निर्माण नहीं कर रहे हैं ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर कॉर्डिनेटर दीपक कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## जनसेवक संघ ने दिया एक दिवसीय धरना



लातेहार (आजाद सिपाही)। जन सेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 करने के विरोध में गुरुवार को झारखंड राज्य जन सेवक संघ लातेहार के द्वारा समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया। इस अवसर पर लातेहार के जिलाध्यक्ष रामनाथ यादव ने कहा कि वर्ष 2012 में झारखंड के कृषि और गन्ना विकास विभाग द्वारा 18 सौ 86 जन सेवकों की बहाली 2400 रुपये के ग्रेड पे पर ली गयी थी। आज 10 वर्ष नौकरी करने के बाद जब हम सभी का प्रमोशन और एमएसीपी का समय आया तो अचानक से कृषि निदेशक के द्वारा एक पत्र जारी कर जन सेवकों का ग्रेड पे 2400 सौ से घटाकर 2000 कर दिया गया। इस आदेश से जहां जन सेवकों में रोष है। वही जनसेवा आहत और ठगा महसूस कर रहे हैं। यदि इस आंदोलन के बाद भी कृषि निदेशक के द्वारा जारी आदेश वापस नहीं होता है तो आने वाले 9 मई को सभी जनसेवक हड़ताल पर चले जाएंगे। धरना में लव कुश पासवान, श्याम सागर पांडे, संकेत सत्यम, विकास कुमार, रघुनंदन राम, संतोष उरांव, अनिता कुमारी, अंकित एक्का, संजय मींज, राहुल रंजन, प्रभात भगत, देवलाल राम सहित अन्य शामिल थे।

## यात्रा से सीखने का मौका मिलता है: उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बाइक से चार धाम यात्रा के लिए जाने वाले जांबाज स्थानीय युवाओं को गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। शहरी क्षेत्र के डोढा टोली निवासी वेद प्रकाश साहू, सीठीओ गांव निवासी सूरज महली, व गुमला के घाघरा निवासी सोनू कुमार चार धाम यात्रा के लिए बाइक से निकले हैं। जांबाज युवा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री का भ्रमण कर लगभग 18 दिनों बाद वापस लोहरदगा लौटेंगे। मौके पर उपायुक्त ने बाइक राइडर्स युवाओं को मंगलमय यात्रा होने की शुभकामना दिया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने कहा कि, लोगों को विभिन्न राज्य और धार्मिक स्थलों का यात्रा करनी चाहिए। यात्रा करने से दूसरे जगह के लोगों के संस्कृति, रहन सहन और कल्चर की जानकारी मिलती है। उपायुक्त ने कहा उत्तर भारत, दक्षिण भारत समेत देश के विभिन्न स्थान और राज्य सुंदर और घूमने लायक है।

## दलित, आदिवासी के मुद्दे पर कूच करने का नाटक करनेवाले राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा भी गायब

# मॉब लिंचिंग पर सत्ताधारी दल के नेताओं की चुप्पी शर्मनाक: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा की लातेहार के हेसला गांव में दो आदिवासी वृद्धों की मॉब लिंचिंग कर हत्या कर दी गयी। छोटी छोटी बातों पर बड़े-बड़े बयान देने वाले सत्ताधारी दल के तमाम नेताओं के मुंह पर ताला लग जाता है। यह बेहद शर्मनाक बात है की प्रदेश सरकार खुद को आदिवासियों का सरकार कहती है। फिर भी आदिवासियों के साथ निरंतर डायन बिसाही के नाम पर मॉब लिंचिंग की घटनायें हो रही है।

प्रतुल ने कहा इस मुद्दे पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की खामोशी भी आश्चर्यजनक है। दलित आदिवासी के हितों के मुद्दों पर हमेशा कूच करने का नाटक करने वाले भाई-बहन की राजनीति भी एक्सपोज्ड हो गयी है। झारखंड में वे इसलिए खामोश है क्योंकि उनकी पार्टी गठबंधन सरकार का हिस्सा है। ज्ञातव्य है कि प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में स्थित हेसला गांव का दौरा कर ग्रामीणों से मिलकर पूरी घटना की जानकारी ली थी। प्रतुल ने कहा की पूरे गांव में अभी भी भय का माहौल है। प्रशासन को चाहिए इस भय के माहौल को समाप्त कर गांव से भागे निर्दोष ग्रामीणों को वापस लौटने का रास्ता प्रशस्त करें।

## तालाब में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से गांव में छाया मातम

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पवन एक्का के तालाब में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने पर गांव में मातम छा गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी गणेश यादव को मिलते ही पु0आ0नि0 शर्मा भगत एवं स0आ0नि0 जमशेद खान दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गये। मृतक का पहचान बक्सीडीपा निवासी स्वर्गीय बैजू उराँव के 50 वर्षीय पुत्र रामप्रसाद उराँव के रूप में किया गया। वहीं मृतक के पुत्र रंजीत उराँव ने बताया कि मेरे पिताजी बुधवार शाम में घर से निकले थे। जो देर रात तक घर लौट कर नही आए छानबीन के दौरान गुरुवार सुबह तालाब में शव मिलने की सूचना मिला तो शव देखकर पहचानी किया। बताया जाता है कि रामप्रसाद उराँव पूर्व से मृगी बीमारी से ग्रसित था। घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। इस संदर्भ में पु0आ0नि0 गणेश यादव ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मृगी बीमारी से ग्रसित रामप्रसाद उराँव की मौत दौरा के कारण पानी मे गिरने से प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मृत्यु होने का स्पष्ट कारण पता चल सकता है।

## देश विदेश की खबरें

## उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी

नयी दिल्ली(आजाद सिपाही)। केदारनाथ के रास्ते में गुरुवार को ग्लेशियर टूट जाने की वजह से यात्रा को रोक देना पड़ा। यात्रा के पैदल मार्ग पर भैरव ग्लेशियर टूटा, इससे भैरव गदेरा और कुबेर गदेरा के बीच रास्ता बंद हो गया। लिहाजा यात्रा पर रोक लगा दी गयी। इधर, प्रशासन ने चार धाम के तीर्थ यात्रियों को रुकने के लिए कहा है। केदारनाथ के अलावा उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बारिश के साथ ही कुछ स्थानों पर बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में 9 मई तक चक्रवात बनने की आशंका जतायी है। इससे 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। चक्रवात का नाम मोचा होगा। यह नाम यमन ने लाल सागर की एक पोर्ट सिटी के नाम पर रखा है।

## ईडी ने सिसोदिया के खिलाफ 2000 पन्नों की सप्लीमेंट्री चार्जशीट की दाखिल

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। इडी ने आबकारी नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के केस में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाया है। गुरुवार को एजेंसी ने राउज एवेन्यु कोर्ट में 2000 पन्नों की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। आबकारी नीति केस में सिसोदिया के खिलाफ उड़क भी चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दिल्ली की अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज हो गयी थी।

# मध्यप्रदेश में कांग्रेस दफ्तर में घुसे बजरंग दल कार्यकर्ता, जम कर की तोड़फोड़

## कर्नाटक में संगठन को बैन करने की बात पर भड़के, दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप जारी, कांग्रेस ने शिकायत दर्ज करायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जबलपुर।** कर्नाटक में कांग्रेस के घोषणा पत्र में बजरंग दल को बैन करने की बात पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भड़क गये। मध्यप्रदेश के जबलपुर में गुरुवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर धावा बोल दिया। जबरन दफ्तर में घुसे प्रदर्शनकारियों ने जमकर तोड़फोड़ की। कार्यालय के बाहर लगा कांग्रेस की सीनियर लीडर सोनिया गांधी का पोस्टर भी फाड़ दिया। घटना के बाद कांग्रेस दफ्तर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है।

कांग्रेस ने इस घटनाक्रम की निंदा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने तोड़फोड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पूर्व मंत्री तरुण भनोट ने लार्डगंज थाने में शिकायत दर्ज करायी। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि लार्डगंज और कोतवाली थाना प्रभारी को सस्पेंड नहीं किया, तो जबलपुर बंद किया जाएगा।

गुरुवार दोपहर बजरंग दल के करीब सौ से ज्यादा कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कमेटी दफ्तर के बाहर इकट्ठे हुए। यहां कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। फिर कार्यालय के बाहर ताला तोड़कर अंदर घुस गये। सभी के हाथ में लाठी और डंडे थे। उन्होंने कार्यालय के गेट पर लातें भी मारी। फिर अंदर घुसकर हंगामा किया। इस बीच, कुछ प्रदर्शनकारियों ने सीढ़ियों पर चढ़कर टीनशेड को उखाड़ना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ा।

बजरंग दल के पदाधिकारी सुमित ठाकुर ने उल्टा कांग्रेस कार्यकताओं पर ही आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ और हंगामा कांग्रेस के ही कार्यकताओं ने किया है। बजरंग दल कार्यकर्ता जब वहां प्रदर्शन करने पहुंचे, तभी भगवा वेशभूषा में कांग्रेस कार्यकर्ता वहां पहुंच गये। साथ ही, दफ्तर में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि बजरंग दल कभी भी इस तरीके की हरकतें नहीं करता। घटना के बाद कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री तरुण भनोट, लखन घनघोरिया, विधायक विनय सक्सेना समेत महापौर और कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू कोतवाली थाने भी पहुंचे। यहां शहर के तीन एडिशनल एसपी समेत एसडीएम मौके पर मौजूद थे। कांग्रेस कार्यकताओं ने तोड़फोड़ करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। एसपी तुषारकांत विद्यार्थी ने बताया कि कांग्रेस दफ्तर का ताला तोड़ने और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर रहे हैं। आरोपियों की पहचान वीडियो फुटेज देखकर की जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने जबलपुर में कांग्रेस दफ्तर पर हमले की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकताओं को रोकने में कोई विशेष कार्रवाई नहीं की। कमलनाथ ने पूछा कि क्या सरकार और भाजपा ने सभी लोकतांत्रिक तरीके छोड़ दिए हैं और जनता के बीच पूरी तरह से पैर उखड़ने के बाद कांग्रेस पार्टी के ऊपर सीधा हमला करने का मन बना लिया है। कमलनाथ ने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कार्यकर्ताओं की मांग का सम्मान होगा: शरद पवार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** शरद पवार के एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफे का पार्टी कार्यकर्ता लगातार विरोध कर रहे हैं। इस पर पवार ने गुरुवार को कहा कि कार्यकर्ताओं की मांग का सम्मान किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे दुख है कि कार्यकताओं से बिना बात किये ही मैंने इस्तीफा दे दिया। अब 5 मई को 15 सदस्यीय कमेटी जो फैसला लेगी, मुझे मंजूर होगा।


इधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी उनसे फैसला वापस लेने की अपील की थी। एनसीपी सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को शरद पवार के इस्तीफे के ऐलान के कुछ घंटों के अंदर ही दोनों ने सुप्रिया सुले को फोन करके यह बात कही थी। जानकारी के मुताबिक राहुल और स्टालिन दोनों ही यह जानना चाहते थे कि पवार ने पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ने का फैसला क्यों किया है। दोनों नेताओं ने पवार की बेटी और एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले को फोन करके कहा था कि वे अपने पिता को इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाएं। दोनों का कहना था कि पवार को अपने फैसले के बारे में फिर से सोचना चाहिए। 82 साल के एनसीपी चीफ शरद पवार ने मंगलवार को जब इस्तीफे का ऐलान किया, उसके बाद से ही पार्टी कार्यकर्ता उनके फैसले का विरोध कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पवार के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद कई गैर-भाजपा पार्टियों के नेताओं ने उन्हें अगले लोकसभा चुनाव तक पार्टी अध्यक्ष बने रहने की सलाह दी थी। बुधवार को पवार ने भी कहा था कि उन पर इस्तीफा वापस लेने के लिए भारी दबाव है। हालांकि उनके भतीजे अजित ने कहा कि साहब का फैसला पलटता नहीं है। इधर, शरद पवार के इस्तीफे के ऐलान के एक दिन बाद जितेंद्र आव्हाड ने पार्टी महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद विधायक अनिल पाटिल ने भी शरद पवार को त्यागपत्र भेजा था।

## हाइवा ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत, एक गंभीर



चंदवा (आजाद सिपाही)। रांची-चतरा मुख्य पथ पर भूषाढ़ के समीप देर रात अज्ञात कोयला लदी हायवा ने बाइक सावर को रौंद डाला जिसमे बाइक सवार अशोक गंझु (28) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकी बाइक पर सवार दूसरा युवक प्रमोद उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को अस्पताल पहुँचाया गया। घटना की सूचना पाते ही चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुँच शव को अपने कब्जे में ले कर मामले की पड़ताल में जुट गयी है। हादसे के बाद हायवा फरार हो गया। मृतक की पहचान अशोक गंझु पिता रामा गंझु बारियातु,जबकि घायल युवक की पहचान बिनोद उंराव पिता बुद्धदेव उंराव उदयपुरा लातेहार के रूप में हो रही है। इस सम्बन्ध में परिजनों ने बताया की अशोक और प्रमोद हिसरी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। चंदवा की ओर आने के क्रम में विपरीत दिशा से तीव्र गति से आ रही हायवा ने उन्हे रौंदते हुए निकल गया। पुलिस शव को अपने कब्जे में कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## पोस्ता/अफीम की खेती करने के तीन प्राथमिक अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेजा



मनिका (आजाद सिपाही)। जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मनिका पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर पोस्त/अफीम की अवैध खेती करने के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । पु0नि0सह थाना प्रभारी बबलु कुमार ने बताया की लेस्लीगंज थाना अंतर्गत एकता गांव का दिनेश सिंह और मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत पटना गांव का राजेश सिंह व जितेंद्र सिंह पोस्ता/अफीम की अवैध खेती करने के फरार आरोपी थे। जिसे पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सुचना के आधार पर छापारी कर तीनो प्राथमिक अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान मे पु0नि0बबलू कुमार के अलावा पु0अ0नि0मिथिलेश कुमार पु0अ0नि0राजकुमार तिग्गा स0अ0नि0रामप्रताप सिंह सहित रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## बसिया पुलिस ने चार वर्षीय बच्ची की हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बसिया (आजाद सिपाही)।** चार वर्षीय बच्ची की हत्या मामले में बसिया पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मामले का उद्भेदन किया है। इस संबंध में बसिया के एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि बसिया पुलिस को बम्बियारी गांव में एक व्यक्ति द्वारा चार साल की एक बच्ची की हत्या किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा घटना का सत्यापन कर छापामारी करते हुए 35 वर्षीय अभियुक्त रवि सिंह, पिता रिझु सिंह को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान और निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू को बरामद किया गया। पिछले तीन वर्षों से अभियुक्त का परिवार पत्नी और बच्ची सहित आपसी झगड़े के कारण मायके में ही रहता है। घटना के दिन मृतका की मां रुक्मणि देवी द्वारा अपनी बच्ची को आंगनबाड़ी सेविका के घर पर खेलने हेतु छोड़ने पर फस्ट्रेशन में घटना को अंजाम दिया गया। मालूम हो कि अभियुक्त रवि सिंह आंगनबाड़ी सेविका का रिश्ते में देवर है और एक ही घर में रहता था। वहीं दूसरी ओर चार वर्षीय बच्ची के पिता रंजीत सिंह ने आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आखिर उस मासूम बच्ची की क्या गलती थी जो उसकी निर्मम हत्या कर दी गयी। छापेमारी दल में थाना प्रभारी छोटू उरांव, एसआइ प्रदीप कुमार रजक, बसिया थाना रिजर्व गार्ड, चालक विनोद शर्मा शामिल थे। पुलिस द्वारा अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सिसई विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक चौक चौराहे में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव और बीस सूत्री कार्यक्रम के जिला समिति के सदस्य रोशन बरवा गुमला जिला उपायुक्त सुशांत गौरव को ज्ञापन सौंपकर कर सिसई विधानसभा क्षेत्र के चारों प्रखंड में सोलर आधारित स्ट्रीट लाइट लगाने का आग्रह किया है जिसमें बसिया प्रखण्ड में थाना चौक, भागीदेरा चौक, कोनबीर चौक, देवीगुड़ी चौक, कामडरा प्रखंड में मिशन चौक, ब्लॉक चौक और बाकुटोली चौक, सिसई प्रखंड में बसिया मोड़, शहीद लोहरा उरांव के प्रतिमा के समीप और ब्लॉक चौक के समीप, भरनो प्रखंड में ब्लॉक चौक और बस्ती बाजार टांड़ के पास, इन स्थानों को चिन्हित कर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई है। उपायुक्त ने इन सभी जगहों पर बहुत जल्द सोलर पावर स्ट्रीट लाइट लगाने का आश्वासन दिया है।

## गोल्डेन सोसायटी क्लब ने घायल व्यक्ति के इलाज के लिए की आर्थिक मदद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** हुसैन नगर निवासी अंसार अहमद का दोनों पैर सड़क दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी गया। जिसके इलाज में लगभग तीन लाख का खर्च बताया गया है। इस दुर्घटना की जानकारी गोल्डेन सोसाइटी क्लब के सदस्यों को मिली तो अंसार अहमद के परिजनों से क्लब के सदस्यों ने मिलकर घटना और इलाज की जानकारी ली। साथ ही अंसार अहमद के इलाज के लिए दस हजार रुपये की तत्काल अर्थिक मदद की। उन्हें भविष्य में और मदद करने का भरोसा दिलाया। इस मौके गोल्डेन क्लब के साजिद रब्बानी (छोटू), शाहजहां अंसारी, आरिफ आलम, यासीन अंसारी, जमील अख्तर, मुमताज आलम, शहबाज रब्बानी, शमसाद अंसारी, साजिद असदकी, कौसर शेख, इबरार अंसारी, आजाद आलम, रिंकू कुरैशी, अफरोज अलाम, मो. राजन, हसीब अंसारी, अफरोज असदकी, शहबाज, समसाद अंसारी, राजा कुरैशी, मो. फहद, मो. शाबाज, चांद असदकी, मो. सद्दाम, फिरोज आलम, सादाब अंसारी, जसीम रब्बानी, सुफियान अख्तर, टीपू खान, सहजाद कुरैशी और अन्य भी सदस्य मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में बच्चों के बीच राइम्स प्रतियोगिता आयोजित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कक्षा नर्सरी से कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए हिंदी राइम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहू ने कहा कि राइम प्रतियोगिता छोटे बच्चों के लिए महत्वपूर्ण विकासात्मक कौशल विकसित करने के लिए सीखने के अवसर प्रदान करती हैं और इससे उनकी रचनात्मक क्षमता का विकास होता है। इससे बच्चों की भाषा में लय आती है। उनकी शब्दावली विकसित होती है और पढ़ाई में उनकी रुचि बढ़ती है। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने काफी सुंदर कविता सुनाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में हर्षिता कुमारी, निशा जयसवाल, मोनिका कुमारी, सुधांशु देवगढ़िया, छवि कृति, पार्थ प्रतिम मैती की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**तैयारी :** सेप्टिक मलवे से खाद बनाने के लिए तीन करोड़ से अधिक की राशि से दुंदुरिया में बन रहा है प्लांट

# शहर के मलबा निस्तारण की समस्या होगी दूर

**नप कार्यपापक पदाधिकारी और नप प्रशासक ने किया एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत निमार्णाधीन एफएसटीपी प्लांट (फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) का नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने अपनी टीम के साथ गुरुवार को निरीक्षण किया। लगभग तीन करोड़ से अधिक की लागत से बन रहे इस प्लांट का निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरण में है। इस प्लांट के बनने के बाद शहर के मलबा निस्तारण की समस्या का निदान हो जाएगा।

संजय कुमार ने बताया कि वार्ड-2 दुन्दुरिया में 3.13 करोड़ रुपए की लागत से इस प्लांट के निर्माण का जिम्मा बैंगलोर की कंपनी मेसर्स टाइड टेक्नोक्रेट को मिला था। कुछ माह पूर्व उनके द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के क्रम में निर्माण की गुणवत्ता में खामियां उजागर हुई थीं जिस पर नगर परिषद ने कड़ा रुख अपनाते हुए एजेंसी को कारण पृच्छा करते हुए विभाग को सूचित किया था। अब विसंगतियों को काफी हद तक दूर करा लिया गया है। निर्माण का काम लगभग 80-90% पूर्ण हो गया है। एजेंसी को शीघ्र ही इस प्लांट को पूरा कर संचालनात्मक स्थिति में लाने का निर्देश दिया गया है। प्लांट बनने के बाद 5 वर्ष तक रखरखाव एवं संचालन का जिम्मा संबंधित एजेंसी का ही होगा।

यह प्लांट न केवल घरेलू सेप्टिक टैंकों के स्लज को बल्कि शहर के अन्य सभी प्रकार के दूषित मलबे को ट्रीट कर सॉलिड और लिक्विड में अलग करता है। जिसके बाद बचे सॉलिड वेस्ट का इस्तेमाल खाद के रूप में किसान कर लेते हैं, जबकि बचे लिक्विड का इस्तेमाल सिंचाई के लिए किया जा सकता है। प्लांट पूरी तरह वैज्ञानिक आधार पर कई स्टेप में काम करता है। अलग-अलग स्टेप के लिए विभिन्न चेंबर होते हैं। इन चैंबरों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है।

निरीक्षण के दौरान नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, एजेंसी के पदाधिकारी, नप के कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद थे।

### क्यों जरूरी है एफएसटीपी प्लांट

**गुमला शहर में कहीं भी सीवर लाइन नहीं है, जिस कारण लोगों ने अपने-अपने घरों में ही सेप्टी टैंक बनवा रखे हैं और जब घरों में बने ये टैंक भर जाते हैं तो इन्हें खाली करने के लिए नगर परिषद से या निजी कंपनियों से टैंकर मंगवाकर घरों के सेप्टिक टैंक से टैंकर में मलवा स्टोर कर उसे कहीं दूर ले जाकर खुले में या नालों, जंगल या खेतों में फेंक दिया जाता है जिससे गंदगी फैलती है। इस प्लांट के बनने के बाद यह समस्या दूर हो जाएगी। पूरे शहर का यह मलबा इस प्लांट में ट्रीट कर खाद निर्माण किया जाएगा।**

## सीओ ने 18 पंचायत के लैम्पस अध्यक्ष-सचिवों के साथ किसानों के मुद्दों पर की चर्चा

**लैम्पस सचिवों ने धान की खरीदारी के बाद धान का उठाव नहीं होने और किसानों का अब तक भुगतान नहीं होने पर जतायी नाराजगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** अंचल कार्यालय में सीओ अरुणिमा एक्का की अध्यक्षता में प्रखंड के 18 पंचायत के लैम्पस अध्यक्ष- सचिवों की बैठक हुई। सीओ ने कहा कि सदस्यता अभियान चलाकर प्रत्येक किसान परिवार से एक सदस्य को सदस्यता अभियान से जोड़ें और किसानों को खाद बीज सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराएं। वनोउत्पाद से मिलने वाली जड़ी बूटी संबंधी किसानों को जानकारी देने, धान अधिप्राप्ति का किसानों का पंजीकृत कराने व लैम्पस से सीएसी को जोड़ने, लैम्पस को प्रबंध कार्यकारिणी समिति की मासिक बैठक करने, सदस्यों की संख्या बढ़ाने, खरीफ फसल से संबंधित बीज और खाद के संबंध में ग्रामीणों के बीच प्रचार प्रसार करने, लैंपस को सक्रिय करने, ग्रेडिंग में सुधार आदि जैसे मुद्दे की चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। वहीं उन्होंने किसानों को रागी फसल को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर देने की बात कही।

बैठक में लैम्पस सचिवों ने कहा कि लैम्पस द्वारा जो धान की खरीदारी की गई है, अभी तक धान का उठाव नहीं हुआ है और किसानों को भुगतान भी नहीं हुआ है। इस पर उन्होंने नाराजगी जतायी। कहा इससे किसानों में आक्रोश है। प्रखंड में तीन सिसई, लरंगो व बोण्डो लैम्पस के अंतर्गत 2931.39 क्विंटल खरीदारी की गई है।

मौके पर सिसई सचिव बंधन महली, अध्यक्ष महादेव उरांव, मुर्गू अध्यक्ष अनीता देवी, सचिव शंकर पहान, भदौली सचिव रणविजय सिंह, बरगांव उतरी तारकेश्वर साहू, बरगांव दक्षिणी भूपेश्वर लोहरा, नवल किशोर महतो, नगर सचिव गीता देवी, ओलमुंडा खजेबुल खान, भुरसो सचिव शशीकांत साहू, जमला उरांव, जयमंगल उरांव, हारुन अंसारी, लरंगो सचिव हिबजुल अंसारी और मुर्गू मत्स्य समिति के बालकिशुन महली व मधुराम महली सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बैंक से लोन दिलाने और पूरी राशि हड़पने के मामले में दो गिरफ्तार

**दोनों आरोपियों को सिसई पुलिस ने रांची स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर भेजा जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता





**सिसई।** व्यवसाय के लिए बैंक से लोन दिलाने और लोन की पूरी राशि हड़पने के मामले में दो लोगों को सिसई पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जेल जाने वालों में रांची निवासी अभिनाश कुमार ठाकुर व मोहम्मद मोबिन शामिल हैं। इस बावत थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिसंबर 2022 में थाना क्षेत्र के अमकुली गांव निवासी लक्ष्मी देवी ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कराया था। दर्ज केस के अनुसंधान के क्रम में एसआई मिनकेतन कुमार द्वारा सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा रांची स्थित दोनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया और दोनों आरोपियों को गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। ज्ञात हो कि अभिनाश कुमार ठाकुर व मोहम्मद मोबिन द्वारा विगत दो साल पूर्व बैंक ऑफ इंडिया सिसई से लक्ष्मी देवी को फ्लाई एश ईंट भट्टा मशीन, जनरेटर, अन्य उपकरण व मैटेरियल दिलाने के नाम पर बैंक से साढ़े बारह लाख का लोन व मैनेज व कागजी कार्रवाई के लिए नगद राशि एक लाख 68 हजार 5 सौ रुपए और कुदरा गांव निवासी चिन्ता देवी को कार वॉश मशीन व जनरेटर दिलाने के नाम पर बैंक से 5 लाख का लोन दिलाने व मैनेज के नाम पर 85 हजार नगद राशि की ठगी कर ली गयी थी। महिलाओं द्वारा उपकरण नहीं मिलने पर पैसे की मांग करने पर दोनों के द्वारा कुछ राशि लौटाकर बाकी राशि के लिए लगातार टालमटोल किया जाने लगा, जिसके उपरांत लक्ष्मी देवी व चिंता देवी के द्वारा 6 दिसंबर 2022 को सिसई थाना में दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**महिला उत्थान :** बसिया प्रखंड में अनेक सामाजिक संस्थाएं महिला उत्थान और कृषि बागवानी पर कर रही हैं प्रेरक काम

# सिंचाई कूप के अभाव में असवंती देवी का आर्थिक विकास हो रहा है बाधित

**असवंती देवी को मुखिया और प्रखंड प्रशासन से एक अदद कुआं मिल जाने की है उम्मीद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** प्रखंड क्षेत्र में अनेकों कृषि जागरूकता अभियान के तहत अनेक सामाजिक संस्थाएं महिला उत्थान एवं कृषि बागवानी पर प्रेरक काम कर रही हैं। जिसके परिणाम स्वरूप कई ग्रामीण महिला कृषक जागरूक होकर सफलता की ओर अग्रसर दिखायी पड़ रही हैं। ऐसी ही एक जागरूक महिला पंथा पंचायत अंतर्गत सोनमेर की रहने वाली महिला मंडल की सदस्य असवंती देवी पति राजेंद्र गोप के द्वारा करीब 80 डिसमिल में 50 पेड़ से अधिक फलदार आम वृक्ष समेत कई दर्जन पपीता, केला सहित कई पौधे लगाए गए हैं। जो इनके लिए जीवन जीने का मकसद बन चुका है। किंतु कई वर्षों से सिचाई कूप नहीं मिलने के कारण आज असवंती देवी की मेहनत एवं आर्थिक विकास में सिंचाई कूप नहीं होना जीवन के प्रगति में बाधक साबित हो रहा है। असवंती देवी पंचायत स्तर की बैठकों में कई बार सिंचाई कूप की मांग कर चुकी हैं लेकिन अभी तक इनकी समस्याओं का हल नहीं हुआ है। इस बार भी उनके आम के बगीचों में काफी आम लगे हैं किंतु पानी के अभाव में टूट टूट कर फल गिर रहे हैं। इस पर असवंती देवी ने कहा कि काफी मेहनत से मैंने प्रदान संस्था के सहयोग से मिले पौधों को पिछले चार वर्षों से अगल बगल के तालाबों एवं चापाकल से सिंचाई की है और आज फल लग रहे हैं लेकिन पानी के अभाव में गिरते टूटते फलों को देखकर मुझे काफी दुख का सामना करना पड़ता है।

फिलहाल अपनी जीविका इसी 80 डिसमिल में मिश्रित खेती कर टमाटर, बैंगन, भिंडी, खीरा, प्याज की खेती कर प्रतिवर्ष लगभग 40 हजार रुपया तक कमा कर अपनी एक पुत्री की पढ़ाई लिखाई और भरण पोषण कर रही हैं। दो पुत्र खेती में मदद और पति मजदूरी करते हैं। मीडिया के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में कदम बढ़ा रही असवंती देवी ने प्रखंड एवं पंचायत से एक सिंचाई कूप की मांग की है। निश्चित तौर पर असवंती देवी आसपास के गांव के किसानों के लिए प्रेरणा के रूप में काम कर रही हैं। असवंती को मुखिया और प्रखंड प्रशासन से उम्मीद है कि उसे एक अदद कुआं मिल जायेगा।

## कुलुकेरा पंचायत में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लोग

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत कुलुकेरा पंचायत के लगभग सभी जल मीनार खराब हो चुके हैं। गर्मी की शुरुवात में ही लोगों को पानी के लिये इधर उधर भटकना पड़ रहा है और विकट स्थिति से जूझना पड़ रहा है। मुख्यतः कुलुकेरा के डुमरटोली व भण्डारटोली के सभी जल मीनार कुछ न कुछ खराबी को लेकर बंद पड़े हुए हैं, जिसके चलते टोली के सभी लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डुमरटोली के ग्रामीणों का कहना है कि पहले ही ठीकठाक था जो कि लोगों को चापाकल था तो पानी की समस्या नहीं होती थी। परंतु जब से चापानल को खोल के उसी गड्ढे में जल मीनार लगाने से किसी ना किसी समस्या से जलमीनार खराब है और पानी की समस्या उतपन्न हो चुकी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जिला उप समाहर्ता गुमला ने बैजनाथ जालान कॉलेज में छात्र-छात्राओं को दिया मार्गदर्शन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** जिला उप समाहर्ता गुमला सुधीर कुमार गुप्ता गुरुवार को बैजनाथ जालान महाविद्यालय पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन कराते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने से आप ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं। सभी छात्र-छात्राएं पढ़ाई शुरू करने से पहले प्लानिंग करें। विषय, चेप्टर व समय तय कर स्टडी करें। आप मन को नियंत्रित कर आगे बढ़ें। अपने आत्मविश्वास, ईमानदारी, दृढ़संकल्प का उपयोग करें। संघर्ष व मेहनत करने वालों की हर समस्या दूर हो जाती है। इस दौरान उन्होंने डॉ भीमराव आंबेडकर व डॉ अब्दुल कलाम की महानता की चर्चा करते हुए कहा गरीबी में भी ये महापुरुष संघर्ष कर ऊंचे मुकाम तक पहुंचे। उसी तरह आप भी अपनी इच्छा-शक्ति से मुकाम तक पहुंचें। सफलता के लिए सामूहिक वार्त्ता जरूरी है। आपको जीवन में आगे बढने के लिए कड़ी मेहनत के साथ हर मुश्किल का सामना करना होगा। मौके पर बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, प्रभारी प्राचार्य डॉ आदित्य विक्रम देव, नागपुरी विभागाध्यक्ष साहू प्रकाश लाल, मनोविज्ञान विभाग डॉ कृष्णा प्रसाद साहू, सुरेश साहू, गजराज महतो, उमेश साहू, रामेश्वर उरांव, सुभाष जायसवाल, सुरेश उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्रचंड गर्मी में पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं रामपुर पंचायत के दानपुर गांव के ग्रामीण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रचंड गर्मी में ग्रामीण क्षेत्र के लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। कहीं चापाकल खराब है तो कहीं पानी निकलना बंद हो गया है। इस दौरान चैनपुर प्रखंड की रामपुर पंचायत के दानपुर गांव के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। ग्रामीणों को सुबह होते ही पानी के लिए लाइन में लगना पड़ता है क्योंकि लगभग 250 ग्रामीणों की आबादी वाले इस गांव में एक मात्र जलमीनार है, साथ ही कई बार जलमीनार से भी पानी सही तरीके से नहीं निकल पाता है। जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए काफी समस्या झेलनी पड़ती है। लोगों को काफी दूर से पानी सिर पर ढोकर लाना पड़ता है। ग्रामीण विकास केरकेट्टा, चमरू उरांव, अंजलु टोप्पो, सुखमनिया देवी, सुदर्शन आईंद, ममिषा खलखो, फूलों का कहना है कि इस गर्मी में नदी सूखने के कारण चुआं से भी सही तरीके से पानी नहीं निकल पाता है। इसके कारण भीषण गर्मी में पानी के लिए लंबी दूरी तय कर पानी के लिए दूसरा टोला जाना पड़ता है। दिन प्रतिदिन पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। इधर इस मामले पर चैनपुर प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर ने कहा कि ग्रामीणों को पानी के लिए समस्या झेलनी पड़ रही है। विभाग को जानकारी होने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इस प्रचंड गर्मी में लोगों को पानी के लिए समस्या ना हो इसके लिए विभाग गांव को जल नल योजना से जुड़े हर घर तक नल के माध्यम से पानी पहुंचे इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं।

## कामडारा मंडा मेला 7 को, 6 मई की रात्रि जागरण मेला और बंगाल के छऊ नृत्य का होगा आयोजन



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** शिव मंडा पूजा समिति कामडारा के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कामडारा मंडा पूजनोत्सव सह मेला काफी हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष बब्लू रजक ने बताया कि 4 मई दिन गुरुवार को भक्तगण पूजा कार्यक्रम में शामिल होंगे। 6 मई दिन शनिवार की रात्रि जागरण मेला सह प. बंगाल के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 7 मई रविवार के दिन मेला और उड़ीसा तथा रांची के कलाकारों के द्वारा आधुनिक नागपुरी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती की जायेगी। मंडा मेला के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर चन्द्रभानु साहू के नेतृत्व में नवयुवक संघ, बजरंग दल व शिव पूजा समिति सदस्यों की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं प्रसिद्ध मंडा मेला को एतिहासिक बनाने को लेकर अध्यक्ष बब्लू रजक, उपाध्यक्ष अवध बिहारी साहू, सचिव संतोष साहू, कोषाध्यक्ष चन्द्रभानु समेत आयोजन समिति सदस्य जुटे हैं।

## राजकीयकृत मध्य विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत प्रभातफेरी निकाली



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय के राजकीयकृत मध्य विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को प्रभातफेरी निकाली और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। बच्चों के साथ-साथ मुखिया शोभा देवी एवं स्कूल के कई शिक्षक भी प्रभातफेरी में शामिल हुए। शिक्षकों द्वारा बच्चों से स्वच्छता जागरूकता को लेकर कई नारे भी लगवाए गए। वहीं बच्चों ने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के स्मारक स्थल में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की। बच्चों ने पूरे स्मारक स्थल को झाड़ू लगाकर साफ किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर मुखिया शोभा देवी ने कहा कि मनुष्य के जीवन के लिए साफ-सफाई अधिक आवश्यक है क्योंकि गंदगी होने के कारण बीमारी पैदा होती है और वह बीमारी हमारी जान भी ले सकती है। इसलिए हम लोगों को अपने आसपास में साफ सफाई रखनी चाहिए ताकि साफ सफाई होने से बीमारी ना पैदा हो सके।

## जनसेवकों का पे ग्रेड घटाने से नाराज जनसेवक संघ ने दिया एक दिवसीय धरना

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही।** झारखंड राज्य जनसेवक संघ पलामू इकाई के बैनर तले नियुक्ति के 10 वर्षों के बाद यानी 25 अप्रैल को कृषि निदेशक द्वारा 2400 ग्रेड पे को घटाते हुए दो हजार रुपये करने के विरोध में गुरुवार को धरना प्रदर्शन किया गया। बतातें चलें कि नियुक्ति काल से ही राज्य के विभिन्न विभागों यथा पंचायती राज, खाद्य आपूर्ति, चुनाव कार्य आदि में जनसेवकों के सहयोग से कार्यों का निष्पादन किया जाता रहा है। राज्य के विभिन्न प्रखण्डों में सभी प्रर्यवेक्षक पद यथा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड कल्याण, प्रखण्ड सांख्यिकी, प्रखण्ड आपूर्ति, सहायक गोदाम प्रबंधक, प्रखण्ड पंचायती राज जैस महत्वूर्ण पदों पर जनसेवकों के द्वारा काम लिया जाता रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार की मनमानी नहीं चलने दी जायेगा। 2012 में नियुक्त जनसेवक संवर्ग को एक षड़यंत्र के तहत कृषि विभाग के ग्रेड पे कम करने जैसे तुगलकी आदेश का जनसेवक संघ विरोध करता है। सरकार तत्काल अपना आदेश वापस नहीं लेगी तो झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ चरणबद्ध तरीके से और आंदोलन करने को विवश होगा। मौके पर जिला अध्यक्ष आलोक पाण्डेय, सचिव अभिषेक कुमार, उपाध्यक्ष ललन कुमार पासवान, शिव नारायण उरांव, अमरेश कुमार, पंकज कुमार आदि थे।

## भक्ति से मिलती है शक्ति: लवली गुप्ता



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा के लोहरसी पंचायत के हेसातू ग्राम में मारुति नंदन यज्ञ सह मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें भाजपा नेत्री लवली गुप्ता भी शामिल हुईं। हनुमान जी की मूर्ति को तितलंगी, लोहारसी चट्टी हेसातू आदि क्षेत्रों का भ्रमण कराया गया। लवली गुप्ता ने कहा कि हिंदू धर्म में हनुमान को वीरता भक्ति और साहस का परिचयाक माना जाता है। वह संकट मोचन हैं। भगवान राम और हनुमान जी की ऐसी जोड़ी है जो एक दूसरे के बिना पूर्ण नहीं है। राम बिना हनुमान अधूरे हैं और हनुमान के बिना राम अधूरे हैं। भक्ति से ही शक्ति मिलती है।

### परीक्षार्थियों को समय पर पहुंचने और प्रतिबंधित सामान नहीं लाने की अपील

# एमकेडीएवी में तीसरी आंख की निगरानी में होगी नीट की परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान, पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ जेपी शूर निदेशक पीएस-1 की अगुवाई में संचालित मेदिनीनगर एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा नीट यूजी परीक्षा रविवार को आयोजित होगी। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर डीएवी के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने बताया कि मेदिनीनगर एवं आसपास के जिलों के छात्रों ने एमकेडीएवी को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना है। यह इस क्षेत्र का इकलौता परीक्षा केंद्र है। उन्होंने जीरो टॉलरेंस पर परीक्षा संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन, पलामू डीसी, एसपी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं थाना




प्राचार्य डॉ जीएन खान।

इंचार्ज को पत्र लिखकर पर्याप्त पुलिस बल के साथ ही दंडाधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया है। उन्हें आश्वासन एवं सहमति भी प्राप्त हो गई है। प्राचार्य ने बताया कि इससे परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सुविधा होगी। प्राचार्य ने बताया कि परीक्षार्थी अपनी आवश्यक अनुसार अपने साथ छोटा हैंड सैनिटाइजर, पानी का पारदर्शी बोतल, प्रवेश पत्र, पासपोर्ट साइज दो फोटो, सरकार द्वारा प्रदत्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र पासपोर्ट आदि लाएंगे। वर्जना- परीक्षार्थी अपने साथ एनटीए के द्वारा प्रतिबंधित वस्तुएं जैसे पैन कार्ड, राइटिंग पैड, लॉग टेबल, ज्योमेट्री बॉक्स,प्लास्टिक पाउच, कागज का लिखित टुकड़ा, हेल्थ बैंड वाले गूगल हैंडबैग, बेल्ट के किसी भी तरह की कलाई घड़ी, ब्रेसलेट कैमरा, आनार्मेंट्स खाद्य पदार्थ आदि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, केलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, पेनड्राइव ब्लूटूथ, इयरफोन, इलेक्ट्रॉनिक पेन स्कैनर, माइक्रोफोन चैट बॉक्स, पेजर आदि नहीं ला सकते हैं।

ड्रेस कोड नीट नियमावली के अनुसार पूरी आस्तीन, बड़े बटन वेज ब्रुच (जड़ाऊ पिन) की पोशाक वर्जित है। उपस्थिति अवधि परीक्षार्थी सुबह 11 से परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होंगे। वहां उनके एनटीए द्वारा थर्मल स्क्रीनिंग एवं रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। परीक्षार्थियों की शारीरिक जांच, बायोमेट्रिक उपस्थिति, अभिलेख सत्यापन होगा। इसके बाद निर्धारित परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति होगी। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर ने बताया कि तनाव मुक्त, निश्चिंत भाव वातावरण में यह परीक्षा संपन्न होगी। वीक्षक परीक्षार्थियों की समस्या समाधान हेतु हर कदम पर उपस्थित होंगे। उन्होंने इस परीक्षा हेतु समस्त परीक्षार्थियों को शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# क्षतिग्रस्त पुलिया से बचाने में ऑटो रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त, नाराज ग्रामीणों ने हाइवा रोका

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के बभंडी पंचायत अंतर्गत सोनवे (बैजूआ) गांव के समीप क्षतिग्रस्त पुलिया से बचाने के दौरान एक ऑटो रिक्शा गड्ढे में चला गया। जिस पर पांच-छह लोग सवार थे। इससे नाराज ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण और सड़क पर पानी छिड़काव की मांग को लेकर गुरुवार को हाइवा का परिचालन तीन घंटे ठप रखा। हालांकि ग्रामीणों ने छोटे वाहनों का परिचालन जारी रखा। ग्रामीणों ने बताया कि सोनवे गांव के समीप पुलिया पिछले कई महीनों से टूटा है। बनाने के लिए कई बार प्रशासन से अनुरोध किया गया पर अब तक नहीं बना। इस दिन पुलिया से बच के निकलने के चक्कर में ऑटो असंतुलित होकर गड्ढे में चला गया। ग्रामीणों ने बताया कि टूटे पुलिया में स्टोन डस्ट डालकर जाम कर दिया गया है। बरसात आने से पहले पुलिया का जल्द निर्माण नहीं होता है तो पानी कई मकानों में घुस जाएगा। वहीं, हाइवा चलते ने धुलकण उड़ते हैं, जिससे बीमारी का खतरा बना हुआ है।

# धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से मानव ही नहीं जीवों का भी होता है कल्याण : जीयर स्वामी

**बेनि खुर्द में आयोजित पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भंडारे के साथ संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बेनी खुर्द गांव में श्री सांबसदा शिव बागेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ गुरुवार को भंडारा के साथ संपन्न हुआ। धार्मिक अनुष्ठान देश के चर्चित संत पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में पूरी हुई। पांच दिवसीय इस महायज्ञ के समापन पर बृहत भंडारा में बड़ी संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि इस तरह धार्मिक अनुष्ठान से मानव ही नहीं, बल्कि सभी जीवों का कल्याण होता है। वैदिक मंत्रोच्चार व आध्यात्मिक अनुष्ठान से ही सुख-समृद्धि की कामना की जा सकती है। वहीं, यज्ञ के संरक्षक भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि इस महायज्ञ में क्षेत्र के लोगों का तन मन धन से सहयोग मिला। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष रंजीत सिंह, भाजपा के वरीय नेता रविंद्र कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह उर्फ लड्डू सिंह, मुखिया श्रवण राम, मिथिलेश सिंह, योगेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, कृत नारायण सिंह, नरेंद्र प्रसाद सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, संजय सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राकेश सिंह, मेघनाथ सिंह, अभिमन्यु सिंह, कैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।



यज्ञ आचार्य व साधु संतों की विदाई करते भाजपा नेता व समिति के लोग।

# विपिन अध्यक्ष और मोहित बने सचिव

### वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन की जिला समिति का पुनर्गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन की पलामू जिला समिति का गुरुवार को पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विपिन यादव को अध्यक्ष, मोहित साहू को सचिव, कृष्णा यादव को उपाध्यक्ष और निशांत दूबे को सह सचिव बनाया गया। सभी पदाधिकारियों का स्वागत युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने किया। कहा कि सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का समिति में स्वागत है और संगठन यह उम्मीद करता है कि जिला समिति छात्र हित में पूर्व की भांति सदैव कार्य करेगी। उनकी समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। वहीं, बिपिन यादव ने संगठन को धन्यवाद देते हुए कहा कि अपनी जिम्मेदारियों का इमानदारी से निर्वाहन करूंगा। वहीं, मोहित साहू ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी केंद्रीय समिति द्वारा दी गई है मैं उसका निर्वहन पूरी निष्ठा से करूंगा। कृष्णा यादव ने कहा कि वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन हमेशा से छात्रहित में काम करता रहा है और आगे भी नई जिला समिति के नेतृत्व में करता रहेगा। निशांत दुबे ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा से संघर्ष ले रास्ते पर चला और आगे भी छात्र हित में संघर्ष करने को प्रतिबद्ध है। इस मौके पर युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा, युवा जागृति केंद्र के जिला सचिव नीरज तिवारी, वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह, श्रवण सिंह, जीएलए कॉलेज सचिव राहुल कुमार, अरविंद कुमार, मिथिलेश कुमार, भूषण कुमार, रितिक गुप्ता, अभिषेक कुमार और सत्यम कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महिला के साथ बदसलूकी कर आभूषण व पैसा छीनने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद में शमीमा खातुन नामक महिला ने थाना में आवेदन देकर तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में आरोप लगाया कि दो मई को वह रिश्तेदार के घर उपरी कलां से वापस अपने घर हुसैनाबाद शहर स्थित पठान टोली मोहल्ला लौट रही थी। जपला- छतरपुर रोड के पोखरा के पास रात 8.05 बजे पहुंची ही थी कि उपरीकला गांव के शाहबाज खान, शाहिद खान और लियाकत खान ने उसे और उसके आठ साल के बेटे अली को रोक लिया और उनके साथ गाली गलौज करने लगे। यही नहीं, मेरे (शमीमा) गले से सोने की चेन भी छीन ली, जिसकी कीमत करीब 50 हडार रुपये है। इसके अलावा कान का झुमका और नकद 2800 रुपये भी छीन लिए। कान के झुमके की कीमत भी करीब 50 हजार है। इसके अलावा आरोपितों ने छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार भी किया। शमीमा के मुताबिक वहां राहगीर के आ जाने के कारण उसकी जान बच पाई। इसके बाद वह वहां से किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। शमीमा ने थाना प्रभारी से आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### हुसैनाबाद मध्य विद्यालय ने पाक कला में अवल्ल छात्राओं को किया गया सम्मानित



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण मंत्रालय और मानव संसाधन विकास के समविंत प्रयास से बालिकाओं को जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को धरातल पर उतारने के लिए गुरुवार को हुसैनाबाद मध्य विद्यालय में पाक कला में अव्वल छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें आठवीं की छात्रा सानिया खातून, अपराजिता कुमारी, खुशी कुमारी, सोनम कुमारी, प्रिया कुमारी शामिल है। वहीं, प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने सभी को पाठ्य सामग्री दिया। साथ ही शिक्षिका सुषमा पांडेय जिनकी देख रेख में विभिन्न तरह के व्यंजन बनाए गए थे, उन्हें भी सम्मानित किया गया। एचएम कन्हैया प्रसाद ने कहा कि लड़कियों को पढ़ने लिखने के साथ ही सामाजिक-पारिवारिक और सांस्कारिक ज्ञान भी देना भी जरूरी है। इस मौके पर शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिन्हा, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, रश्मि प्रकाश ने भी लड़कियों की हौसला आफ्जाई की।

### हुसैनाबाद नपं ने किया वार्ड-2 में डस्टबिन का वितरण



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत हुसैनाबाद शहर के वार्ड स्थित सैदाबाद गांव में ठोस एवं तरल अपशिस्ट प्रबंधन के लिए निवासियों को हरा और नीले रंग का एक-एक डस्टबिन दिया गया। नपं कर्मी धीरज कुमार ने कहा कि सूखे कचरे को नीले और गीले कचरे को हरे डस्टबिन में रखना है। सभी घरों से कचरे का उठाव किया जाएगा। साथ ही लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। कहा कि शहर को साफ व स्वच्छ बनाने में आम लोगों की सहभागिता आवश्यक है। इस मौके पर नपं कर्मी संजीत कुमार रवि यादव और उदय कुमार आदि मौजूद थे।

### एनसीपी को शरद पवार के कुशल नेतृत्व की जरूरत : कमलेश



हुसैनाबाद/पलामू (आजाद सिपाही)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार को पत्र लिखा है। जिसमें कहा कि शरत पवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को छोड़ने के फैसले से उन्हें ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड प्रदेश के एनसीपी कार्यकर्ता मर्माहत हैं। लिखा कि शरद पवार जी के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने संपूर्ण देश में सफलता का परचम लहराया है। वर्तमान परिस्थिति में एनसीपी को शरद पवार के कुशल नेतृत्व की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने निवेदन किया है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश के कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझते हुए अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। यह पार्टी के हित में होगा।

### हरिहरगंज में दुकान का शटर तोड़ कर

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तेंदुआकला गांव में मेन रोड किनारे स्थित विजेंद्र साव के दुकान में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर करीब एक लाख रुपये के सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने बताया कि बुधवार की रात अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। गुरुवार की सुबह आस पास के लोगों ने दुकान में चोरी होने की सूचना दी। दुकान पहुंचा तो शटर टूटा पाया और दुकान से चोरों ने 23 बोरा अरहर, एक बोरा सरसों और एक बोरा चावल के अलावा तीन हजार रुपए नगद चोरी कर ली थी। चोरों ने दूकान के बाहर खड़े एक टेंपो से बैटरी और टूल्स किट भी निकाल लिया है। वहीं, अन्य सामान भी दुकान के बाहर बिखरे पाए गए। इस संबंध में सूचना पाकर हरिहरगंज थाना के एसआई निर्भय कुमार और निरंजन कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### व्यवसायी संघ के संरक्षक मनोनीत हुए अविनाश देव



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिला व्यवसायी संघ कार्यसमिति की बैठक में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव को व्यवसायी संघ का संरक्षक मनोनीत किया गया है। व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने कहा कि अविनाश देव एक बेहतर समाज निर्माण के वाहक है। अपने बेहतरीन कार्यों से वे समृद्ध और शिक्षित समाज के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभा रहे हैं। हम सभी आशा करते हैं कि अविनाश देव सदा व्यवसायी वर्ग के हित और उन्नति के प्रति क्रियाशील रहेंगे। संरक्षक मनोनीत होने पर अविनाश देव ने सर्वप्रथम व्यवसायी संघ के सभी सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि व्यवसायी वर्ग समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है। समाज के निम्न तबके से लेकर उच्च तबके तक के लोग इनके साथ सीधे जुड़े होते हैं। विकसित राष्ट्र के निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। अविनाश देव ने कहा कि मैं पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ व्यवसायी संघ के उत्तरोत्तर विकास में अपने कर्तव्यों का पालन करूंगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष गणेश गिरी, सचिव नागेंद्र कुमार, सहायक सचिव महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दानवीर प्रसाद एवं सुनील गोस्वामी, संजय अग्रवाल, सुबोध गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय ओलिंपिक संघ की अस्थायी समिति की ओर से देश में कुश्ती संचालन का रास्ता साफ हो गया है। कुश्ती की अंतरराष्ट्रीय संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है।

### भारतीय ओलिंपिक संघ की अस्थायी समिति को मिली जिम्मेदारी, धरने के बीच फैसला

# देश में कुश्ती संचालन को मिली हरी झंडी, विश्व कुश्ती संघ ने दी अनुमति

एजेंसी

**पानीपत।** भारतीय ओलिंपिक संघ (आइओए) की अस्थायी समिति की ओर से देश में कुश्ती के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। कुश्ती की इंटरनेशनल संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडबल्यू) ने आइओए को इसके लिए हरी झंडी दे दी है। खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय कुश्ती संघ के 7 मई को होने वाले चुनाव को रद्द किये जाने के बाद यूडब्ल्यूडबल्यू को कुश्ती संघ ने सरकारी हस्तक्षेप की शिकायत की थी। इसके बाद यूडब्ल्यूडबल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने आइओए और अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आइओसी) से जवाब मांगा था कि भारत में कुश्ती को कौन चला रहा है। पहलवानों के धरने के कारण कुश्ती को लेकर भारत में बनी स्थितियों पर यूडब्ल्यूडबल्यू ने चिंता भी जतायी। इसके बाद



आइओए ने विश्व कुश्ती को सारी स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि कुश्ती के संचालन के लिए तीन सदस्यीय अस्थायी समिति का गठन किया गया है।

यह समिति 45 दिन के अंदर कुश्ती संघ के नये चुनाव करायेगी। आइओए ने विश्व कुश्ती से ताजा हालातों को देखते हुए कुश्ती के संचालन की अनुमति मांगी, जिसे उसने मंगलवार की रात मंजूरी प्रदान कर दी। बिना विश्व कुश्ती की मंजूरी के अस्थायी समिति कार्यभार नहीं संभाल सकती थी। दूसरी ओर, यूडब्ल्यूडबल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने 28 अप्रैल को डब्ल्यूएफआइ के लिए एक पत्र भेजा है और इसकी कॉपी भारतीय ओलिंपिक संघ (आइओए) और अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (अइओसी) के अधिकारी जे पोइवे को भी भेजी है। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित भारत के चोटी के पहलवान डब्ल्यूएफआइ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिन पर उन्होंने महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। आइओए ने सरकार के कहने के बाद कुश्ती महासंघ के कामकाज के संचालन के लिए एक एडहॉक पैनल गठित किया है। खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआइ के चुनाव पर रोक भी लगा दी है और चुनाव कराने के लिए कहा है। वहीं, लालोविच ने अपने पत्र में लिखा है, यह स्पष्ट नहीं है कि यूडब्ल्यूडबल्यू की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को कौन भेजेगा और महासंघ के दैनिक कार्यों का संचालन करने के लिए कौन प्रभारी है। ऐसा लगता है कि डब्ल्यूएफआइ के महासचिव अभी अपने पद पर हैं और सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

### स्थिति स्पष्ट बतायें, ताकि आवश्यक व्यवस्थाएं हो सकें: लालोविच

उन्होंने आगे लिखा कि यूडब्ल्यूडबल्यू को मीडिया से जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि बृजभूषण सिंह के खिलाफ कथित उत्पीड़न और दुर्व्यवहार की जांच रिपोर्ट को अप्रैल की शुरूआत में अंतिम रूप दिया गया था और इसे खेल मंत्रालय को भेज दिया गया था। अभी तक कोई अन्य कार्रवाई नहीं की गयी है और पहलवानों ने अपना धरना प्रदर्शन फिर से शुरू कर दिया है। इसके अलावा भारतीय महासंघ ने 7 मई को आम सभा की बैठक बुलायी है। पत्र में लिखा गया है, यूडब्ल्यूडबल्यू आमतौर पर राष्ट्रीय महासंघों के चुनावों के लिए तब पर्यवेक्षक नियुक्त करता है जब विशेष परिस्थितियों में इसकी आवश्यकता होती है। यह डब्ल्यूएफआइ का मामला है और हमें इस मामले की स्थिति से अवगत कराए जाने पर खुशी होगी, ताकि हम आवश्यक व्यवस्था कर सकें।

### भारतीय कुश्ती महासंघ का जबाब: मंत्रालय कैसे कर सकता है हस्तक्षेप

भारतीय कुश्ती महासंघ ने इसके जवाब में विश्व संस्था को बताया है कि निगरानी समिति की भूमिका खत्म हो गई है और उसने राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करने के अलावा आपात आम परिषद की बैठक भी बुलाई और चुनाव की घोषणा की जिसमें बृजभूषण शरण अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। वहीं, डब्ल्यूएआइ ने अपने जवाब में लिखा कि हम चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करने के लिए विश्व संस्था को लिखने जा रहे थे, लेकिन भारत सरकार के खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी कर दिए कि चुनाव को मान्यता नहीं दी जाएगी और भारतीय ओलिंपिक संघ चुनाव कराएगा जो कि आइओसी चार्टर के खिलाफ है। भारतीय महासंघ ने आगे लिखा है, यह समझ से परे है कि मंत्रालय राष्ट्रीय खेल महासंघ के कामकाज में कैसे हस्तक्षेप कर सकता है, जो एक स्वायत्त निकाय है।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## दुकानदारों की लाइसेंस शुल्क वृद्धि को वापस लेने के लिए डीवीसी अध्यक्ष को लिखा पत्र

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** दुकानदार कल्याण समिति के सचिव शंकर गांगुली ने डीवीसी अध्यक्ष राम नरेश सिंह को पत्र लिखकर मैथन के आवासीय परिसर के दुकानदारों के लाइसेंस फीस में की गई वृद्धि को वापस लेने का आग्रह किया है। दुकानदार कल्याण समिति के सचिव ने कहा कि 1964 में 25 पैसा वर्ग फिट की दर पर दुकान के निर्माण के लिए जमीन आवंटित की गयी थी। कर्मचारियों में वृद्धि को देखते हुए वर्ष 2000 में बेरोजगार विस्थापित युवकों को दुकान निर्माण के लिए भूमि आवंटित किया गया। समय-समय पर लाइसेंस फीस को 25 पैसा से 50 पैसा फिर एक रुपया किया गया। तीन सितंबर 2012 में लाइसेंस फीस एक रुपया से बढ़ा कर छह रुपया कर दिया। अब मात्र 10 वर्ष होते ही लाइसेंस फीस में 100 फीसदी वृद्धि करते हुए 12 रुपया किए जाने के कारण दुकानदारों में असंतोष है। ज्ञात हो की मैथन पंचायत क्षेत्र में आता है और लाइसेंस फीस भी पंचायत राज्य अधिनियम के अनुसार तय होना चाहिए। इसके अलावे डीवीसी द्वारा अतिक्रमण हटाने, आवासों को तोड़े जाने और अधिकांश कर्मचारियों के सेवानिवृत हो जाने के कारण मैथन में जनसंख्या काफी कम हो गया है जिस कारण दुकानदारों के व्यवसाय पर काफी प्रभाव पड़ा है।

## लोहा चोरी करता युवक रंगे हाथ गिरफ्तार

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन स्थित डीवीसी के गैस टरबाइन से लोहा चोरी करते एक युवक को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान निसार अंसारी के रूप में की गयी है। वह शिब्लीबाड़ी का रहने वाला है। पुलिस ने युवक पर लोहा चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की मानें तो वह मैथन एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार लोहा चोरी की घटनाओं में लिप्त था। पुलिस का कहना है कि निसार अंसारी के सहारे उसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार करना का प्रयास किया जा रहा है।

## ग्रेड पे घटाने के विरोध में झारखंड राज्य जनसेवक संघ के दर्जनों लोगों ने दिया धरना



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** ग्रेड पे 2400 से घटाकर दो हजार रुपये किए जाने के विरोध में गुरुवार को झारखंड राज्य जनसेवक संघ ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पूरे झारखंड में कृषि कार्य के लिए जनसेवकों की नियुक्ति वर्ष 2012 में वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2400 पर की गई थी। पर कृषि विभाग द्वारा वीएलडब्लू (जनसेवकों) का ग्रेड पे 10 वर्षो के सेवा के उपरांत एक षड्यंत्र के तहत 2400 से घटाकर दो हजार रुपये कर दिया गया है। इस अन्यायपूर्ण कृत्य के विरोध में झारखंड राज्य जनसेवक संघ की ओर से पूरे झारखंड में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2-3 मई को काला बिल्ला लगाकर कार्यों का निष्पादन किया। जबकि गुरुवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत धरना दिया गया। धरना प्रदर्शन में झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ, धनबाद ईकाई के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, सचिव विनोद विद्यार्थी, उपाध्यक्ष सुभाष सौरभ, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा आदि शामिल हुए।

### वासेपुर में फहीम के घर और आसपास के इलाके में पुलिस बलों की तैनाती, आरोपितों की तलाश जारी

# गैंगस्टर फहीम खान के बेटे इकबाल पर हमले के बाद हालत गंभीर, क्षेत्र में तनाव

**गैंगस्टर प्रिंस खान के शूटर ने सोशल मीडिया के माध्यम से ली है घटना को अंजाम देने की जिम्मेदारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में फिर से गोली की आवाज गूंज रही है। बुधवार की रात नौ बजे गैंगस्टर फहीम खान के बड़े बेटे इकबाल खान और उसके साथी बबलू उर्फ ढोलू मियां को लक्ष्य कर गोली मार दी गयी। ढोलू मियां को आंख में गोली लगने के चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। जबकि इकबाल को सीने में दो गोलियां लगी है। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बंगाल के दुगार्पूर मिशन रेफर किया गया है। बताते चलें कि नन्हे हत्याकांड का चश्मदीद ढोलू ही था जिसकी अब हत्या कर दी गयी। फहीम गैंग के खास नन्हें की हत्या 24 नवंबर 2021 को की गयी थी। दूसरी ओर, क्षेत्र में तनाव का माहौल है। वहीं, ढोलू के शव को रात 11.20 बजे पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। धनबाद थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने 30 मिनट तक इकबाल और ढोलू के करीबियों से घटना के संबंध में पूछताछ की। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। दूसरी ओर, धनबाद पुलिस अपराधियों का मनोबल तोड़ने की जीतोड़ कोशिश कर रही है। गैंग्स से जुड़े अपराधियों की सूची तैयार कर कुंडली खंगाली जा रही है। हर नए पुराने अपराधियों को तलाश किया जा रहा है। हालांकि अपराधियों के हौसले भी बुलंद है। बुधवार को घटना से ठीक कुछ घंटे पहले धनबाद पुलिस ने रेपीडिक्शन फोर्स के साथ शहर के सड़कों पर फ्लैग मार्च कर अपराधियो में भय वयाप्त करने की कोशिश की थी। फ्लैग मार्च लगभग 6.30 बजे वासेपुर, आरा मोड़ होते हुए भूली तक पहुंचा था। ठीक इसके तीन घंटे बाद यानी 9.30 पर अपराधियों ने घटना को अंजाम देते हुए गैंगस्टर फहीम के बेटे इकबाल और उसके साथी ढोलू पर गोली दाग दी, जबकि एक अन्य साथी भाग गया। बताया जा रहा है कि इकबाल अपने सबसे करीबी बबलू उर्फ ढोलू के साथ हर दिन की तरह आरा मोड़ स्थित शिवमंदिर मैदान के समीप गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो यहां हर रोज इकबाल अपने करीबी लोगों के साथ बैठता था। वहां अक्सर भीड़भाड़ रहती थी, लेकिन वारदात की रात मैदान व आसपास पहले से ही सन्नाटा परसा था। इकबाल ने इस बात पर गौर नहीं किया और अपराधियों ने घटना को अंजाम दे दिया। उधर, पुलिस ने संदेश के आधार पर कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।





गंभीर रूप से घायल इकबाल खान और मृतक ढोलू मियां के जनाजे में शामिल हुए लोग।

## राजीव रंजन बने कांग्रेस ओबीसी विभाग के राज्य समन्वयक और इंटक के प्रदेश सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** झारखंड के पूर्व मंत्री स्व योगेश्वर प्रसाद योगेश के पुत्र राजीव रंजन प्रसाद को कांग्रेस में एक साथ दो जिम्मेदारी दी गई है। एक तरफ झारखंड़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाषा साहू ने लोयाबाद निवासी राजीव रंजन को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग का राज्य समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) मनोनीत किया, वहीं दूसरी ओर पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस असंगठित (इंटक) के अध्यक्ष मन्नान मल्लिक ने यूनियन का प्रदेश सचिव भी मनोनीत किया है। इससे कार्यकर्ताओं में काफी खुशी है। इस अवसर पर राजीव रंजन ने कहा कि पार्टी का एक निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। मुझे जिस उम्मीद से पद दिया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। कहा कि मजदूरों व संस्थानों में सामंजस्य बनाकर सर्वमान्य नेता सोनिया गांधी व संजीवा रेड्डी के हाथों को मजबूत बनाऊंगा। वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि रामगोपाल भुवानियां, धनबाद कांग्रेस के उपाध्यक्ष लक्ष्मन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अक्षयवर प्रसाद, गुड्डू खान, विजय पासवान, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रभाकर नोनियां, विनोद यादव, मनौव्वर हुसैन, पवन रजक और भोला सोनी आदि ने राजीव रंजन को बधाई दी है।



राजीव रंजन।

## दो दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंची झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति, अधिकारियों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंची। जहां बोकारो परिसदन सभागार में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति निरल पुरती एवं सदस्य अमर कुमार बाउरी ने की। उन्होंने क्रमवार सभी विभागों चास नगर निगम, समाज कल्याण विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, विशेष प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, कल्याण, भवन प्रमंडल, लघु सिंचाई, उर्जा, भूमि संरक्षण, लघु सिंचाई, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व, परिवहन, खान, जिला परिषद आदि द्वारा किए जा रहे कार्यों, कार्य प्रगति एवं समय सीमा के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। साथ ही योजनाओं को प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने को कहा। समीक्षा क्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा हर घर जल योजना के तहत जिले में विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण/अधिष्ठापन में गति देने को कहा। उन्होंने चंदनकियारी विधानसभा अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की और पंचायतों में संचालित ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को पूर्ण कराने को कहा। अमर कुमार बाउरी ने पीसीसी सड़कों के स्थान पर पेवर्स ब्लाक के माध्यम से शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण* को प्राथमिकता देने की बात कहीं, ताकि भूजल का स्तर बना रहें। वहीं, विधानसभा प्राक्कलन समिति के सभापति निरल पुरती ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता योजनाओं में गुणवत्ता व प्राक्कलन के अनुरूप कार्य की है। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत आमजन प्राक्कलन समिति को कर सकते है। शिकायतों पर त्वरित जांच करवाई जाएगी। समिति शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर पूर्ण/अपूर्ण/संचालित योजनाओं का निरीक्षण करेगी। इस मौके पर डीडीसी कीर्तीश्री जी, अपर समाहर्ता सादात अनवर, सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मेनका, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, मनीषा वत्स आदि उपस्थित थे।



### झरिया-बलियापुर मुख्य मार्ग से 45 की बजाय 11 से 15 मीटर की दूरी पर ही हो रही संचालित

# नियम के विरुद्ध चलायी जा रही कुजामा आउटसोर्सिंग परियोजना: डीजीएमएस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/झरिया।** 46 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित झरिया-बलियापुर मुख्य मार्ग की सुरक्षा और आम जनता को हो रहे परेशानी को लेकर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने लोदना क्षेत्र अंतर्गत चल रहे देवप्रभा कुजामा आउटसोर्सिंग के खिलाफ शिकायत की थी। जिसमें आरोप लगाया था कि आउटसोर्सिंग प्रबंधन नियम के विरुद्ध परियोजना सड़क से सटाकर चला रहा है जिससे जानमाल की हानी हो सकती है। उसी मामला के आलोक में गुरुवार को डीजीएमएस के डिप्टी डायरेक्टर मनोज कुमार साहू, कुजामा पीओ एके पांडेय, प्रबंधक डीके सिन्हा व जमसं (बच्चा गुट) के वरीय नेता आरके पाठक, मृणाल कांत उर्फ मल्लू सिंह और बबलू सिंह मोहरी बांध लालटेन गंज के पास सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान डीजीएमएस ने सड़क से परियोजना की दूरी की मापी की, जिसमें पाया कि परियोजना से झरिया बलियापुर मुख्य मार्ग की दूरी 11 से 15 मीटर ही है। डीजीएमएस के डिप्टी डायरेक्टर मनोज कुमार साहू ने कहा कि कुजामा देवप्रभा आउटसोर्सिंग नियम के विरुद्ध चलाया जा रहा है। नियमानुसार परियोजना को मुख्य सड़क मार्ग से 45 मीटर की दूरी पर चलाया जाना चाहिए, लेकिन आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने परियोजना सड़क से नजदीक चलाने के लिए कोई आदेश नहीं लिया है। इससे आम जनता व सड़क सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, ताकि जनता को परेशानी न हो। साथ ही प्रबंधन सचिव को चेतावनी भी दी जाएगी कि भविष्य में इस तरह की गलती दोहरायी ना जाये। साथ ही सड़क के नजदीक जो कटाव किया गया है उसकी भी भराई कर सड़क को सुरक्षित करने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लिलोरी पथरा बस्ती में भी इस तरह का कार्य हो रहा होगा तो माइंस एक्ट के तहत जांच कर कार्यवाई की जा सकती है। इस मौके पर डीजीएमएस के कुमरेश कुमार, सर्वेयर कल्याण मुखर्जी आर सिंकू सिंह आदि उपस्थित थे।



परियोजना स्थल का निरीक्षण करते डीजीएमएस के सदस्य व अन्य।


**कार्यालय नगर परिषद, विश्रामपुर**

पत्रांक– 371/दिनांक– 03.05.2023

**आम-सूचना (3rd Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के नगर परिशद, विश्रामपुर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 20.05.2023 को नगर परिशद, विश्रामपुर को पूर्वाह्न 01:00 PM बजे को Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) | |

दिनांक 20.05.2023 को कार्यालय नगर परिशद, विश्रामपुर को पूर्वाह्न 01:00PM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर परिशद, विश्रामपुर कार्यालय में उपस्थित होना होगा। **सहायक नगर आयुक्त**
PR 296515 District (23-24)_D **नगर परिषद, विश्रामपुर**

**आम सूचना**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**
**दिनांक 13 मई,2023 ;शनिवार**

**स्थान– व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा निःशुल्क, सुलभ एंव शीघ्र न्याय हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा के प्रांगण में दिनांक 13.05.2023 को पूर्वाह्न 09.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा:–

1. सुलह योग्य आपराधिक वाद
2. N.I. Act U/s 138 से संबंधित वाद; चेक अनादर के केसद्ब
3. मोटर – दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद
4. पारिवारिक / वैवाहिक वाद
5. श्रम विवाद
6. भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद
7. सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद
8. बैंक रिकवरी से संबंधित वाद
9. राजस्व वाद
10. मनरेगा
11. बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद
12. बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद
13. सेवा से संबंधित वाद
14. वन विभाग से संबंधित वाद
15. उत्पाद से संबंधित वाद
16. सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील से संबंधित वाद
17. नीलाम वाद
18. दाखिल खारिज मामले
19. अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

अतः उक्त तिथि को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वाद का निपटारा सुलह के आधार पर करायें।

नोटः–उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व कॉन्सिलिएशन बैठक। दिनांक–13 मार्च, 2023 से 12 मई, 2023 तक की जा रही है। माननीय झालसा के निर्देश के आलोक में आवश्यकता आधारित Continuous Lok Adalat Bench का गठन किया जा चुका है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन 07:30 बजे पूर्वाह्न से कार्यावधि तक सिमडेगा, व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा से सम्पर्क कर सकते है।

–:निवेदक:–

| | | |
|---|---|---|
| आरक्षी अधीक्षक –सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा। | उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा। | प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीष, –सह – अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा। |

PR 296479 Law(23-24)D जनहित में जारी द्वारा – जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
**e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित ई–प्रोक्योरमेंट_अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 25/2022-23 (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 293327 Lohardaga (22-23)_D है, में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है –

**1.विभाग का नाम** :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
**2.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता** :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
**3.वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय** :– 08.05.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
**4.बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय** :– 16.05.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
**5.अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान** :– 17.05.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक,
1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में।
2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
**6.निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय** :– 18.05.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
**7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम** :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
**8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0** :– 8084784990
9. कार्य की विवरणी :– **Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme (SVS) through New DT/ GPT with Solar Based DC Motor Pump complete set for different habitations of concerned village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum for 24 x 7 supply with 100% coverage by Tap Water Facility under JJM or Turn key basis for the year 2022-23.**

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों/योजना की संख्या | प्रस्तावित FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhandra | 1 | 5/5 | 136 | SVS/LOH-01 | 52,32,360.00 | 1,04,700.00 | 10,000.00 | 05 months |
| 2 | Bhandra | 1 | 5/5 | 142 | SVS/LOH-01 | 55,63,460.00 | 1,11,300.00 | 10,000.00 | 05 months |
| 3 | Bhandra | 1 | 9/9 | 227 | SVS/LOH-03 | 90,73,350.00 | 1,81,500.00 | 10,000.00 | 05 months |
| 4 | Bhandra | 1 | 2/2 | 80 | SVS/LOH-04 | 24,05,241.00 | 48,200.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 5 | Bhandra | 1 | 3/3 | 70 | SVS/LOH-05 | 28,35,836.00 | 56,800.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 6 | Bhandra | 1 | 10/10 | 257 | SVS/LOH-06 | 99,47,862.00 | 1,99,000.00 | 10,000.00 | 05 months |
| 7 | Lohardaga | 1 | 3/3 | 115 | SVS/LOH-09 | 37,73,842.00 | 75,500.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 8 | Loharadga | 1 | 1/1 | 10 | SVS/LOH-10 | 6,02,566.00 | 12,100.00 | 1,250.00 | 05 months |
| 9 | Senha | 1 | 2/2 | 70 | SVS/LOH-11 | 24,01,093.00 | 48,100.00 | 5,000.00 | 05 months |
| 10 | Senha | 1 | 1/1 | 7 | SVS/LOH-12 | 6,41,133.00 | 12,900.00 | 1,250.00 | 05 months |
| 11 | Senha | 1 | 1/1 | 12 | SVS/LOH-13 | 6,58,810.00 | 13,200.00 | 1,250.00 | 05 months |
| 12 | Senha | 1 | 1/1 | 7 | SVS/LOH-14 | 6,41,133.00 | 12,900.00 | 1,250.00 | 05 months |

नोट : निविदा की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।
PR296565 (Lohardaga)23-24*D
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

## जिंदल स्टेनलेस ने ब्रह्मकुमारी के सहयोग से नशामुक्त अभियान को किया प्रायोजित

# राष्ट्रपति ने रायरंगपुर में अभियान का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज ओड़िशा के रायरंगपुर में साल भर चलने वाले एक अभियान-नशा मुक्त ओड़िशा (नशामुक्त ओड़िशा) का शुभारंभ किया। इस अभियान का संचालन भारत सरकार के सहयोग से ब्रह्मकुमारी संगठन करेगा। जिंदल स्टेनलेस लोकोद्धार की इस पहल में प्राथमिक प्रायोजक की भूमिका निभा रही है। ब्रह्मकुमारी संगठन और जिंदल स्टेनलेस के प्रयासों की सराहना करते हुए, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, आदि काल से ही मनुष्य मादक पदार्थ का सेवन करता रहा है, लेकिन आखिरकार यह मादक पदार्थ मनुष्य का ही नाश कर डालता है। इस खतरे से लड़ने के लिए जमीनी स्तर पर जागरूकता जरूरी है। मैं अपने गृह राज्य ओड़िशा को व्यसन मुक्त बनाने




की इस नेक पहल की सराहना करती हूं। यह न केवल व्यक्तियों में बल्कि पूरे समाज में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं इसमें शामिल सभी भागीदारों को बधाई देती हूं और ओड़िशा के नागरिकों से इस अभियान में अपना सहयोग देने का आग्रह करती हूं। सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए, जिंदल स्टेनलेस फाउंडेशन की चेयरपर्सन दीपिका जिंदल ने कहा, एक जिम्मेदार कंपनी होने के नाते, जिंदल स्टेनलेस को भारत से मादक पदार्थों की लत दूर करने के उद्देश्य से ब्रह्मकुमारीसंगठन और सरकार के साथ भागीदारी करने की खुशी है। नशामुक्त अभियान के जरिये हमारा उद्देश्य अपने युवाओं, जो देश का भविष्य हैं को नशे की लत के दुष्चक्र से बचाना है। ब्रह्मकुमारी संगठन के साथ हमारे लंबे समय से चले आ रहे संबंधको देखते हुए, हमें विश्वास है कि उनके हस्तक्षेप से न केवल युवाओं में नशे की लत में सुधार होगा, बल्कि उन्हें अपनी असीम क्षमता को उजागर करने के लिए मार्गदर्शन भी मिलेगा।

### टीम शपथ समारोह का आयोजन करेगी

इस अभियान के तहत टीम नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पूरे ओड़िशा में कार्यक्रम, सड़कों-पटरियों पर प्रस्तुति, गोष्ठी और शपथ समारोह का आयोजन करेगी। यह अभियान भारत सरकार की 'नशा मुक्त भारत' नाम की बड़ी पहल का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य है विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के जरिये लोगों को मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ संवेदनशील बनाना। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए ब्रह्मकुमारी संगठन ने भारत सरकार के साथ भागीदारी की है।

# गैंगस्टर अनिल दुजाना एनकाउंटर में मारा गया

## एसटीएफ से मेरठ में हुई मुठभेड़, 18 मर्डर समेत 62 केस दर्ज थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेरठ।** यूपी एसटीएफ ने मेरठ में गुरुवार को गैंगस्टर अनिल दुजाना (36) को एनकाउंटर में मार गिराया। वह नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र के दुजाना गांव का रहने वाला था। तीन साल से अयोध्या जेल में बंद था। कुछ समय पहले ही जमानत पर छूटा था। इसके बाद से फरार चल रहा था। दुजाना के खिलाफ 18 मर्डर समेत 62 से ज्यादा केस दर्ज थे। वह गिरोह बनाकर हत्या और लूट की वारदात करता था। यूपी एसटीएफ पिछले 6 साल में दुजाना समेत 184 एनकाउंटर कर चुकी है। मुठभेड़ के समय अनिल दुजाना सफेद रंग की स्कॉर्पियो में था। बताया जा रहा है कि वह बागपत अपनी ससुराल जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ ने उसे जानी भोला की झाल के पास घेर लिया। इसके बाद उसने एसटीएफ टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में वह मारा गया। एनकाउंटर के बाद फोरेंसिक की टीम ने जब उसकी गाड़ी की चेकिंग की उसमें से कई हथियार मिले हैं। दुजाना का आतंक पश्चिमी यूपी के अलावा दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा में भी था। उस पर बुलंदशहर पुलिस ने 25 हजार और नोएडा पुलिस ने 50 हजार का इनाम रखा था। इस तरह से उस पर कुल 75 हजार का इनाम था।






















## यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए रेलवे अधिकारियों को दी सलाह



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रेल और कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जर्दोश ने बुधवार को खलीकोट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को सलाह दी कि ट्रेनों और स्टेशनों में लोगों, विशेषकर यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक सुविधायें प्रदान करें इसके अलावा मंत्री ने स्टेशन पर चल रहे विभिन्न भीर्तिभूमि कार्यों की भी जानकारी ली।

# एम्स भुवनेश्वर में कैंसर की दुर्लभ सर्जरी हुई

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर के युवा डॉक्टरों के एक समूह ने एक युवा महिला की जान बचाने के लिए एक दुर्लभ किस्म के लेरिंक्स (वॉयस बॉक्स) कैंसर (एडेनोइड सिस्टिक कार्सिनोमा) की दुर्लभ सर्जरी की। जगतसिंहपुर जिला की 25 वर्षीय महिला भोजन और श्वासनली के जंक्शन पर कैंसर के एक उन्नत चरण से पीड़ित थी, जिससे सांस लेने और निगलने में कठिनाई हो रही थी। कैंसर की सामान्य किस्म के विपरीत, यह रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी के लिए प्रतिरोधी थी। रोगों की प्रगति के साथ, रोगी के लिए आवाज, श्वसन और भोजन का सेवन चुनौतीपूर्ण हो गया। एम्स भुवनेश्वर आने से पहले, महिला ने इलाज के लिए लगभग एक वर्ष तक कई अस्पतालों में परामर्श किया था। हाथ में कोई अन्य विकल्प नहीं होने के कारण, उसकी जान बचाने के लिए सर्जनों ने नए तरीके से मरीज का ऑपरेशन किया। इएनटी, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के 10 डॉक्टरों के समूह ने इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया को करने में 14 घंटे का समय लिया। इएनटी सर्जन ने आवाज बॉक्स (स्वरयंत्र), श्वासनली के ऊपरी भाग (श्वासनली), ग्रसनी, भोजन नली के ऊपरी भाग (ग्रासनली) और थायरॉयड ग्रंथि के हिस्से को हटा दिया। गैस्ट्रोसर्जन ने कोलन को विच्छेदित किया और स्टर्नम (स्तन की हड्डी) और हृदय के बीच जीभ के आधार को पेट से जोड़ने वाली एक सुरंग के माध्यम से इसे गर्दन में लामबंद कर दिया, जिससे एक नया भोजन चैनल बन गया। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में रखा गया। सर्जरी के दो महीने बाद, रोगी सामान्य श्वास और भोजन के सेवन से ठीक हो रहा है। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने नये जोश के साथ लोगों की सेवा करने की राष्ट्रीय संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कुशल तरीके से इस जीवन रक्षक सर्जरी के लिए डॉक्टरों की टीम को बधाई दी है। डॉ. दिलीप कुमार सामल, एसोसिएट प्रोफेसर ईएनटी, डॉ. तन्मय दत्ता, सहायक, प्रो सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और डॉ. अजितेश साहू, सहायक, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी विभाग के प्रोफेसर (एनेस्थीसिया) ने इस प्रक्रिया का नेतृत्व किया। सीनियर रेजिडेंट और नर्सिंग स्टाफ ने भी हाथ मिलाया। डॉ. प्रदीप्त कुमार परिदा, एचओडी इएनटी ने टीम का मार्गदर्शन किया। डीडीए (आइ/सी) रश्मि रंजन सेठी ने भी टीम को इस प्रयास के लिए बधाई दी है।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह ने किया क्षेत्र का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खंडहरा, धर्मपुर, नावाडीह, करमाटांड़, गरजासारण, तरायभत गढ़वा, गोविंदपुर, कटोरिया टांड, अरगाली सहित धनवार बाजार का भ्रमण गुरुवार को पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दरम्यान खंडहरा के प्रकाश दास की पुत्री की शादी के साथ-साथ नावाडीह के अजय राय, उमेश राय, अवध किशोर राय, सांसद प्रतिनिधि राम यादव, अनिल यादव, आदि लोगों की शादी में तथा शिव नारायण सिंह, हरिहर पांडेय, गिरीश सिंह, दिलीप सिंह, पंकज नारायण देव का गृह प्रवेश में शामिल हुए शादी समारोह में भाग लेकर वर वधू को आशीर्वाद दिया। क्षेत्र भ्रमण के बाद बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ



समारोह में मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह और अन्य।

बैठक की। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से श्री सिंह को अवगत कराया। जिस पर श्री सिंह ने कई दिशा-निर्देश दिया। वही भाजपा कार्यकर्ताओं से देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण योजनाओं की चर्चा, मिशन 2024 का चर्चा, पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करने पर चर्चा तथा प्रधानमंत्री द्वारा कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने एवं लाभ दिलाने पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। वही धनवार बाजार के शुभम किराना स्टोर को फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर विनोद अग्रवाल, मदन राय, निवास सिंह, प्रकाश दास, उमेश राय, अजय राय, कृष्णा मोदी, विजय अग्रवाल, अर्जुन सिंह, गिरीश सिंह, पवन सिंह, युवा नेता उपेंद्र सिंह, पवन साव, त्रिभुवन पांडेय, अजय नारायण देव, अनिल यादव, अजय यादव आदि लोग मौजूद थे।

### ग्रीष्मकालीन शिविर का किया आयोजन

**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर 8 मई 2023 से 2 जून 2023 तक बच्चों के बीच नृत्य, ड्राइंग और पेंटिंग और तैराकी केक्षेत्र में कौशल और ज्ञान को विकसित करने के लिए एक ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का आयोजन करेगा। ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन स्थल ऑफिसर्स क्लब, रेल नगर, संबलपुर में होगा। नृत्य, ड्राइंग और पेंटिंग और तैराकीजैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। भागीदारी, नामांकन और अन्य विवरण के लिए वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, संबलपुर (कल्याण अनुभाग) केकार्यालय या मोबाइल-9777403054 से संपर्क करें।

### बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दी बधाई

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा है। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर, मैं दुनिया भर में रह रहे नागरिकों और भगवान बुद्ध के अनुयायियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। करुणा के प्रतीक भगवान बुद्ध ने हमें ज्ञान, सहनशीलता और सदाचार का मार्ग दिखाया है। उनका सरल और प्रभावी उपदेश हमें प्रेम, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। महात्मा बुद्ध का जीवन संयम और अनुशासन का सर्वोत्तम उदाहरण है। उनकी शिक्षायें आज भी मानवता का मार्गदर्शन करती हैं। आइए, इस पवित्र अवसर पर हम भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपने मन, वचन, कर्म और आचरण में धारण करें और एक गौरवशाली राष्ट्र के निर्माण की दिशा में कार्य करें।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**